नवरात्र का चौथा दिन



माँ कुष्माण्डा

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 06 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-47 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### जैश-ए-मोहम्मद मामले में एनआईए ने दिल्ली सहित पांच राज्यों में छापेमारी की



**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों ने प्रतिबंधित संगठन जैश-ए-मोहम्मद की गतिविधियों से संबंधित एक मामले में राष्ट्रीय राजधानी सहित पांच राज्यों के 22 ठिकानों पर छापेमारी की है। एनआईए के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छापेमारी जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, असम और दिल्ली में की जा रही है।

### कुपवाड़ा में दो आतंकवादी ढेर घुसपैठ की कोशिश नाकाम

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए सुरक्षा बलों ने दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने जानकारी दी। सेना ने बताया कि घुसपैठ की कोशिश की खुफिया जानकारी प्राप्त होने के बाद कुपवाड़ा के केरन सेक्टर के गूगलधार वन क्षेत्र में यह अभियान शुरू किया गया। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अभियान अभी भी जारी है।

# एग्जिट पोल : हरियाणा में कांग्रेस की सरकार
## जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस आगे पर बहुमत से पीछे

पायनियर संवाददाता ᐸ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




हरियाणा और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के विभिन्न एजेन्सियों के एग्जिट पोल में हरियाणा में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिलता नजर आ रहा है जबकि जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस गठबंधन को सबसे अधिक सीटें मिलती नजर आ रही है, लेकिन वह बहुमत के आंकड़े से दूर है इसलिए वहां गठबंधन सरकार बनने के आसार नजर आ रहे हैं। हरियाणा की 90 सीटों वाली विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल में सभी एजेन्सियों ने कांग्रेस की दस वर्ष के बाद सत्ता में वापसी का अनुमान व्यक्त किया है। भारतीय जनता पार्टी को इन सभी पोल में बहुमत से काफी दूर बताया गया है। ध्रुव रिसर्च ने कांग्रेस को 50 से 64, भाजपा को 22 से 32, अन्य को दो से आठ और आप को शून्य सीट दी हैं। पीपुल्स पल्स के एग्जिट पोल में कांग्रेस को 49 से 61, भाजपा को 20 से 32, अन्य को तीन से पांच और आप को शून्य सीटें मिलती नजर आ रही हैं। रिपब्लिक भारत मेटिज के पोल में कांग्रेस को 55 से 62, भाजपा को 18 से 24, आईएनएलडी को तीन से छह और जजपा को शून्य से तीन सीट दी हैं। दैनिक भास्कर के पोल में कांग्रेस को 44 से 54, भाजपा को 15 से 29 , आईएनएलडी को एक से पांच और जजपा को एक सीट मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की 90 सीटों के लिए हुए चुनाव के एग्जिट पोल में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलता दिखाई दे रहा है और केन्द्र शासित प्रदेश में गठबंधन की सरकार बनती दिख रही है। सभी एग्जिट पोल में कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेन्स गठबंधन को सबसे आगे दिखाया गया है, लेकिन वह स्पष्ट बहुमत से दूर दिखायी दे रही है। कुछ पोल में कांग्रेस गठबंधन को बहुमत मिलता भी दिखाया गया है। ज्यादातर एग्जिट पोल में भाजपा को अकेले अपने दम पर 30 के करीब सीट मिलती दिख रही हैं। जम्मू-कश्मीर में पीपुल्स पल्स ने कांग्रेस गठबंधन को 46 से 50, भाजपा को 23 से 27, पीडीपी को सात से 11 और अन्य को चार से छह सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया है। दैनिक भास्कर के पोल में कांग्रेस गठबंधन को 35 से 40 , भाजपा को 20 से 25, पीडीपी को चार से सात और अन्य को 12 से 16 सीटें मिलती दिख रही हैं। इंडिया टूडे और सी वोटर ने कांग्रेस गठबंधन को 40 से 48, भाजपा को 27 से 32, पीडीपी को छह से 12 और अन्य को छह से 11 सीटें मिलने की बात कही गयी है।

# मोदी सरकार जय जवान-जय किसान के नारे को कर रही है सार्थक : विष्णुदेव
## किसान सम्मान निधि के 566 करोड़ 77 लाख रुपए अंतरित






पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के वाशिम जिले से देश के लगभग 9 करोड़ 40 लाख से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त के रूप में 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि सीधे उनके खाते में अंतरित की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 18वीं किस्त के ऑनलाइन अंतरण कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 18वीं किस्त के रूप में प्रदेश के 24 लाख 98 हजार से अधिक किसानों के खातों में 566 करोड़ 77 लाख रुपए से अधिक की राशि अंतरित होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। साय ने इस मौके पर प्रदेश के किसानों को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री साय ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 17 वीं किश्त की तुलना में इस बार 66 हजार 485 अधिक किसानों ने योजना का लाभ उठाया है। इससे पहले भी 16 वीं किश्त की तुलना में 17वीं किश्त का लाभ उठाने वाले किसानों की संख्या 01 लाख 11 हजार 518 अधिक थी। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना की किश्त-दर-किश्त लाभान्वित होने वाले किसानों की संख्या में बढ़ोतरी होना इस बात का प्रमाण है कि भारत के कृषि क्षेत्र में कितनी तेजी से प्रगति हो रही है। यह मोदी सरकार पर किसानों के मजबूत भरोसे का भी प्रमाण है। साय ने कहा कि 18 वीं किश्त के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के जो किसान भाई-बहन लाभान्वित हो रहे हैं, उनमें 02 लाख 49 हजार 867 वन-पट्टा धारक हैं और 30 हजार 408 किसान पीवीटीजी योजना के अंतर्गत लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में किसानों की उन्नति जय जवान-जय किसान के नारे को सार्थक कर रही है।

### शिवाजी महाराज की विचारधारा का प्रतीक है भारतीय संविधान : राहुल गांधी



**कोल्हापुर/वार्ता।** राहुल गांधी ने कहा कि देश का संविधान छत्रपति शिवाजी महाराज की विचारधारा और विचारों का प्रतीक है, जिन्होंने अन्याय न करने तथा सबको साथ लेकर चलने का संदेश दिया। गांधी यहां कसाबा बावड़ा में डीवाई पाटिल शिक्षा समूह की ओर से स्थापित छत्रपति शिवाजी महाराज की आदमकद प्रतिमा का अनावरण करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा , 'हमारे संविधान में ऐसी एक भी चीज नहीं मिलेगी, जिसके लिए शिवाजी महाराज ने लड़ाई न लड़ी हो। अगर हम उन चीजों के लिए नहीं लड़ेंगे, जिनके लिए छत्रपति शिवाजी महाराज ने जीवन भर संघर्ष किया तो छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण करने का कोई मतलब नहीं है।



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका मुख्यमंत्री विष्णुदेव के नया रायपुर स्थित निवास के गृह प्रवेश पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए।

### गलत सूचना से राष्ट्र के ताने-बाने को नुकसान : धनखड़



**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गलत सूचना, सनसनीखेज और राष्ट्रविरोधी बयानों से उत्पन्न खतरों पर चिंता व्यक्त करते हुए? मीडिया से इन खतरों का मुकाबला करने के लिए प्रौद्योगिकी का प्रयोग करने का आह्वान किया है। धनखड़ ने एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि गलत सूचना और सनसनीखेजता राष्ट्र के ताने-बाने को नुकसान पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति ने संपादकीय स्थान को लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में काम करना चाहिए? और प्रौद्योगिकी के युग में जिम्मेदार रिपोर्टिंग की आवश्यकता है।





प्रिय शेयरधारक,

बहुत खुशी और जिम्मेदारी की गहरी भावना के साथ मैं आपको आपकी कंपनी–एनएमडीसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में संबोधित कर रहा हूं, जो भारतीय खनन उद्योग की आधारशिला है। आज जब हम गतिशील बाजार परिदृश्य और वैश्विक आर्थिक बदलावों से गुजर रहे हैं, मैं एक ऐसी कंपनी का नेतृत्व करने के लिए सम्मानित अनुभव करता हूं जो अपने लचीलेपन, नवाचार और सतत विकास की प्रतिबद्धता के लिए जानी जाती है। एनएमडीसी जिम्मेदार खनन के लिए समर्पित है, इसका लक्ष्य सुस्थिर रूप से खनन करना, पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करना, सामाजिक पहलों में निवेश करना और देश की लोहे और इस्पात की बढ़ती मांग को पूरा करना है।

एनएमडीसी ने वित्त वर्ष 24 में लौह अयस्क का ऐतिहासिक परिमाण प्राप्त किया। यह एक ऐसी उपलब्धि है जो लम्बे समय तक इसकी मजबूती के प्रमाण के रूप में प्रतिध्वनित होगी और साथ ही, कंपनी और उद्योग के भविष्य का निर्धारण करेगी। वित्तीय वर्ष 2023–2024 में 45 मिलियन टन के स्तर को पार करके हमारी विरासत वास्तव में समृद्ध हुई है। भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक ने खनिज सुरक्षा को मजबूत करने के देश के सपनों को साकार करना जारी रखा।

इस यात्रा में, एनएमडीसी ने इस क्षेत्र की आवर्ती अस्थिरता को कम किया है, अपनी तकनीकी और डिजिटल ताकत को बढाया है, अपने वित्तीय लचीलापन को मजबूत किया है, और अपने हितधारकों को लाभ प्रदान करने के लिए अथक प्रयास किया है। जब हम वित्त वर्ष 24 पर विचार करते हैं, तो मुझे कंपनी की उपलब्धियों, चुनौतियों और रणनीतिक विजन को आपके साथ साझा करने में गर्व महसूस होता है। एनएमडीसी की परिचालन उत्कृष्टता, वित्तीय विवेक और रणनीतिक गतिशीलता हितधारकों के विश्वास के साथ मिलकर कंपनी को सतत विकास में सबसे आगे रख रही है।

#### भौतिक और वित्तीय प्रदर्शन

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, एनएमडीसी ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ वार्षिक भौतिक प्रदर्शन दर्ज किया और 45.02 मिलियन टन लौह अयस्क का उत्पादन किया और 44.48 मिलियन टन लौह अयस्क की बिक्री की। कंपनी ने वित्त वर्ष 23 की तुलना में उत्पादन में 10% की वृद्धि और बिक्री में 16% की वृद्धि दर्ज की।

यह उपलब्धि वित्त वर्ष 24 में रु. 21,294 करोड़ राजस्व अर्जन के एक मजबूत वित्तीय प्रदर्शन में परिवर्तित हुई जो वित्त वर्ष 23 में प्राप्त राजस्व पर 21% की वृद्धि दर्शाता है। कार्यनीतिक वित्तीय योजना और मूल्य निर्धारण तंत्र के कारण वित्त वर्ष 24 में रु. 5,632 करोड़ का कर पश्चात लाभ और असाधारण मदों से पहले कर पूर्व लाभ रु. 8,294 करोड़ का हुआ, जिससे गत वर्ष की इसी अवधि पर कर पश्चात लाभ में 2% और कर पूर्व लाभ में 30% की वृद्धि हुई।

वित्त वर्ष 24 के लिए, एनएमडीसी का ईबीआईटीडीए रु. 8,709 करोड़ था, जो पिछले वित्त वर्ष से 28% की वृद्धि दर्शाता है। कंपनी का 2023–24 में प्रचालनगत लाभ मार्जिन 34% रहा।

कंपनी का अब तक का सबसे अधिक पूंजीगत व्यय रु 2,066 करोड़ वित्त वर्ष 24 में क्षमता निर्माण के लिए किया गया था, जो कैपेक्स लक्ष्य रु. 1,769 करोड़ से 17% अधिक था। एनएमडीसी का स्टैंडअलोन नेटवर्थ (एनएसएल के डिमर्जर के बाद) वित्त वर्ष 24 में रु. 25,000 करोड़ का आंकड़ा पार कर गया, जिससे कंपनी की वित्तीय स्थिरता और विकास में निवेश करने और हितधारकों के लिए मूल्य सृजित करने की क्षमता और अधिक मजबूत हुई।

#### प्रचालनगत विशिष्टिताएं

एनएमडीसी की प्रमुख लौह अयस्क खानों–छत्तीसगढ़ में किरंदुल और बचेली और कर्नाटक में दोणिमलै ने कंपनी के इतिहास में अपना अबतक का उच्चतम वार्षिक उत्पादन किया। पेलेट उत्पादन में आने वाली बाधाओं का भी हल किया गया, जिससे वित्त वर्ष 24 में पेलेट उत्पादन 2.65 लाख टन के सर्वोच्च स्तर पर रहा, जो संयंत्र के चालू होने के बाद से सबसे अधिक है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, एनएमडीसी ने निकासी क्षमता को बढ़ावा देने और और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए अपने कुमार मारेंगा स्टॉकयार्ड से परिचालन शुरू करके और अपने किरंदुल परिसर में 10 एमटीपीए रैपिड वैगन लोडिंग सिस्टम को लागू करके एक रणनीतिक कदम उठाया। ये घटनाक्रम उस व्यवसाय मॉडल की एक झलक देते हैं जिससे कंपनी अपनी क्षमता को दोगुना करने के लिए अंतिम रूप दे रही है।

वित्त वर्ष 24 में एक अन्य महत्वपूर्ण विकास मध्य प्रदेश के पन्ना में हीरे की खानों में परिचालन को फिर से शुरू करना था, जिससे हमारे खनिज पोर्टफोलियो में विविधता लाने वाली एक ऐतिहासिक संपत्ति को पुनर्जीवित किया गया। विस्तार और विविधीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि कंपनी की सहायक कंपनी, लिगेसी आयरन ओर लिमिटेड के माध्यम से वित्त वर्ष 24 में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के माउंट सेलिया में स्वर्ण खनन शुरू करने के साथ प्राप्त हुई। लिगेसी ने माउंट बेवन में मैग्नेटाइट संसाधनों की क्षमता को अनलॉक करने और ऑस्ट्रेलिया में लिथियम जैसे रणनीतिक हित के खनिजों का पता लगाने के लिए एक संयुक्त उद्यम समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

दक्षता, पारदर्शिता और व्यापार करने में आसानी बढ़ाने की दिशा में, एक नई संगठनात्मक संरचना–'वर्क्स ऑर्गनाइजेशन' की अवधारणा बनाई गई और उसका कार्यान्वयन सभी प्रमुख पूंजीगत परियोजनाओं की नजदीकी निगरानी और समय पर निष्पादन के लिए किया गया।

#### जलवायु परिवर्तन पर प्रतिक्रिया

एनएमडीसी पर्यावरण के प्रति जागरूक ग्राहकों की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी टिकाऊ और कुशल खनन परम्परा का लाभ उठाने और उसे बढ़ाने की योजना बना रहा है और 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने के भारत के लक्ष्य के साथ संरेखित कर रहा है।

कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए, एनएमडीसी सड़क मार्गों के बजाय स्लरी पाइपलाइनों और रेलवे के माध्यम से पर्यावरण के अनुकूल अयस्क परिवहन की ओर बढ़ रहा है। इस दिशा में प्रगति चल रही है, किरंदुल–कोथावलसा रेलवे लाइन का दोहरीकरण वित्त वर्ष 25 में पूरा होने की उम्मीद है और नगरनार से होकर बचेली से विशाखापत्तनम तक 15 एमटीपीए स्लरी पाइपलाइन बिछाने का कार्य वित्ते वर्ष 27 में पूरा करने की उम्मीद है। एनएमडीसी स्लरी पाइपलाइन मार्ग के साथ 2 एमटीपीए पैलेट प्लांट और 10 एमटीपीए बेनिफिकेशन प्लांट का निर्माण कर रहा है, जिसमें शून्य अपशिष्ट खनन की दिशा में एक कदम के रूप में अपने पारिस्थितिकी तंत्र में ब्लेंडिंग यार्ड शुरू करने की योजना है।

कंपनी सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाओं में भी निवेश कर रही है, जबकि अक्षय ऊर्जा क्षेत्रों और हरित भारत को बढ़ावा देने के लिए लिथियम और कोबाल्ट जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के खनन के अवसरों की तलाश कर रही है।

#### ईएसजी प्रदर्शन

एनएमडीसी जीएचजी उत्सर्जन को कम करने, अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण को बढ़ाने, ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन करने और जैव विविधता के संरक्षण के प्रयासों को तेज कर रहा है। हमने अपने मूल्य श्रृंखला उत्सर्जनों की सावधानीपूर्वक जांच करने के लिए एक स्कोप 3 ग्रीनहाउस गैस इन्वेंटरी विकसित की है। हमारी जैव विविधता संरक्षण पहल निरंतर मजबूत हो रही है क्योंकि हम प्राकृतिक वास को बहाल करने और पारिस्थितिक तंत्र को संरक्षित करने के लिए राज्य वन विभागों के साथ सहयोग करते हैं। छत्तीसगढ़ के पर्यावरणीय संरक्षण में योगदान देते हुए, एनएमडीसी ने छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण बोर्ड को अपनी तरह की पहली मोबाइल पर्यावरण प्रयोगशाला प्रदान की।

कंपनी की परिवर्तनकारी सीएसआर पहल हमारे लिए गर्व और उद्देश्य का स्रोत है। महिलाओं को सशक्त बनाने से लेकर युवाओं का कौशल बढ़ाने तक, रोजगार के अवसर पैदा करने से लेकर सार्वजनिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने तक, भारत के दूर–दराज के इलाकों में प्रगति को सक्षम बनाने में एनएमडीसी निरंतर एक मजबूत स्तंभ रहा है। हमारी प्रमुख सामाजिक पहलों–शिक्षा सहयोग योजना और बालिका शिक्षा योजना ने उच्च शिक्षा और नर्सिंग शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति के साथ हजारों आदिवासी बच्चों की जीवन–यात्रा को सशक्त बनाया है, जिससे वे अपने समुदायों में बदलाव के कारक बन गए हैं। इस दृष्टिकोण ने एजुकेशन सिटी, हॉस्पिटल ऑन व्हील्स, स्पोर्ट्स अकादमियों और बुनियादी ढांचे को आगे बढाया जो सभी के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और अवसर सुनिश्चित करता है।

यह मजबूत परम्परा एक प्रतिबद्ध कार्यबल द्वारा बनाई गई है। हम एनएमडीसी कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और गरिमा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। मजबूत सतर्कता संरचनाओं, सुरक्षा प्रोटोकॉल, सामूहिक सौदेबाजी में शामिल होने और संलग्न होने की स्वतंत्रता के साथ–साथ शिकायत निवारण तक पहुंच ने एक प्रगतिशील और सशक्त कार्यस्थल बनाया है।

स्थापना दिवस 2023 पर, एनएमडीसी ने हमारी कंपनी की प्रगति की प्रेरक शक्ति हमारे कर्मचारियों के असाधारण योगदान का जश्न मनाने और उन्हें सम्मानित करने के लिए 'सीएमडी उत्कृष्टता पुरस्कार' की स्थापना की।

#### कॉर्पोरेट प्रशासन

एनएमडीसी कॉर्पोरेट प्रशासन के उच्चतम मानकों को कायम रखता है और हमारे सभी कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करता है। कॉर्पोरेट प्रशासन केवल एक नियामक आवश्यकता नहीं है, बल्कि हमारी संस्कृति का एक मूलभूत स्तंभ है, जो हमारे हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य बनाने के लिए हमारे कार्यों और निर्णयों का मार्गदर्शन करता है।

#### प्रगति और समृद्धि की ओर

एनएमडीसी 2.0 के युग में आगे बढ़ने के साथ हम वित्त वर्ष 2025 में 50 मिलियन टन लौह अयस्क की आपूर्ति करने की तैयारी कर रहे हैं। यहां से आगे हमारी यात्रा एक महत्वाकांक्षी विकास नीति द्वारा निर्देशित होगी। हम अपनी मौजूदा लौह अयस्क खानों से अपनी उत्पादन क्षमता को 72 मिलियन टन तक बढ़ाने के लिए क्षमता विस्तार और नए बुनियादी ढांचे में निवेश कर रहे हैं, साथ ही, एनसीएल (एनएमडीसी सीएमडीसी लिमिटेड) जेवी खानों को भी विकसित कर रहे हैं ताकि 28 मिलियन टन अतिरिक्त योगदान दिया जा सके। हमारी आंतरिक शक्तियों का उपयोग और बाधाओं का अनुकूलन 2030 तक 100 मिलियन टन उत्पादन क्षमता प्राप्त करने के हमारे दृष्टिकोण को साकार करने के दो कारक हैं।

यह योजना 2030 तक भारत की इस्पात उत्पादन क्षमता को 300 मिलियन टन तक बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय इस्पात नीति के विजन के अनुरूप है। एनएमडीसी का 100 मिलियन टन उस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आवश्यक ~ 430 मिलियन टन कच्चे माल का एक चौथाई हिस्सा होगा।

एनएमडीसी 100 मिलियन टन खनन कंपनी बनने की दिशा में मशीनरी, सामग्री और जनशक्ति नियोजन के प्रति अपने दृष्टिकोण को बदल रहा है। नवाचार और डिजिटलीकरण इस परिवर्तन के प्रमुख सिद्धांत हैं। एक फौलादी इरादे के साथ हम सुचालित उपकरणों और अत्याधुनिक खनन प्रणालियों, जैसे कि स्वचालित नमूनाकरण, फ्लीट प्रबंधन और रैपिड वैगन लोडिंग में निवेश कर रहे हैं । ये प्रौद्योगिकियां उत्पादकता और दक्षता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करती हैं, जो हमें वैश्विक खनन शक्तियों में स्थान दिलाती हैं।

एनएमडीसी की उपलब्धियों को अगस्त, 2023 में अनावरण किए गए हमारे नए लोगो में एकीकृत प्रतिनिधित्व मिलता है। यह लोगो एनएमडीसी में जिम्मेदारी के एक नए युग की शुरुआत करता है और एनएमडीसी 2.0 की भावना को व्यक्त करता है

हमारे उद्योग के विकास और नवाचार को निरंतर बढ़ावा देने वाले वातावरण के सृजन में निरंतर समर्थन के लिए भारत सरकार के प्रति हम आभार व्यक्त करते हैं। हमारे मूल्यवान ग्राहकों, बैंकों, शेयरधारकों, सहयोगियों और वैश्विक भागीदारों के विश्वास, सहयोग और निरंतर साझेदारी के लिए मैं उनके प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। हमने एक साथ मिलकर चुनौतियों को पार किया है और ऐतिहासिक मील के पत्थर हासिल किए हैं। मुझे विश्वास है कि हमारे सामूहिक प्रयास से हम निरंतर प्रगति करते रहेंगे। एनएमडीसी की यात्रा में आपके अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद।

वित्त वर्ष 24 के लिए हमारी उपलब्धियां सराहनीय हैं, लेकिन आगे के मार्ग में संभावनाएं और चुनौती दोनों ही हैं। हमारी दिशा प्रगति – नवाचार, स्थिरता, साझा उद्देश्य और 100 मिलियन टन के सुदृढ भविष्य की ओर संकेत करती है ।

जय हिंद

**अमिताभ मुखर्जी**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार)

*नोटः 27 सितंबर, 2024 को आयोजित एनएमडीसी की 66वीं वार्षिक आम बैठक में सीएमडी के भाषण के कुछ अंश*




एनएमडीसी
NMDC

रजि. कार्यालयः खनिज भवन 10–3–311/ए, कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद–500028, भारत। www.nmdc.co.in

/nmdclimited

# प्रदेश सरकार विकास के लिए संकल्पित है: मोहन यादव

एजेंसी ◄ दमोह
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के लगातार विकास के लिए संकल्पित है। डॉ. यादव रानी दुगार्वती की जयंती पर मध्यप्रदेश के दमोह जिले स्थित उनकी जन्मस्थली सिंग्रामपुर में मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद् की बैठक में कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के लगातार विकास के लिए संकल्पित है। उन्होंने घोषणाएं कि दमोह को पर्यटन महत्व का केंद्र बनाया जाएगा। वीरांगना रानी दुर्गावती की प्राचीन राजधानी सिंग्रामपुर में स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सीएम राइज स्कूल दूसरे चरण में बनाने की घोषणा। हाई मास्क लाइट और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था करने की घोषणा। इसके साथ ही कहा कि रानी दुर्गावती मंगल भवन का निर्माण किया जाएगा। जल संरक्षण के लिए स्टाफ डेम और चेक डैम बनाए जाएंगे। डॉ यादव ने कहा कि हमारी भारतीय परंपरा में शास्त्र के साथ शस्त्र भी आवश्यक माने गए हैं।

## रानी दुर्गावती जयंती अद्वितीय मनी: यादव

वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दमोह जिले के जबेरा तहसील स्थित सिंगौरगढ़ के किले के हाथी दरवाजा का भ्रमण किया। डॉ. यादव ने रानी दुर्गावती के इतिहास पर केन्द्रित पुरातत्व विभाग की प्रदर्शनी का फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रीगणों के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन कर रानी दुर्गावती के इतिहास और शौर्य से रू-ब-रू हुए। उन्होंने हाथी दरवाजा पर विजिटर पंजी में लिखा कि अद्भुत दृश्य, ऐतिहासिक किला, रानी दुर्गावती और अन्य पुरातत्व महत्व के स्थानों पर आकर खासकर मंत्रीगणों के साथ आना अत्यंत आनंददायक रहा। इतिहास बना। रानी दुर्गावती जयंती अद्वितीय मनी। मंत्रीगणों द्वारा भी शुभकामनाएं लिखी गईं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रानी दुर्गावती की जयंती एक ऐतिहासिक दिन है। कई योजनाएं भी रानी दुर्गावती के नाम पर संचालित होंगी। उन्होंने कहा कि इस स्थल पर प्रदेश और देश से लोग आएं तथा रानी दुर्गावती के गौरवान्वित करने वाले इतिहास से अवगत हो। मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रीगणों को बधाई दी और कहा कि पर्यटन की दृष्टि से इस स्थल को नए केलेवर में विकसित किया जाएगा। किले की उम्र कई सौ साल होने के बाद भी उसकी दीवारें आज भी मजबूती से खड़ी हैं।

# चौथी पीढ़ी की कम दूरी वाली वायु रक्षा प्रणाली का सफल परीक्षण

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने तकनीकी रूप से उन्नत चौथी पीढ़ी की कम दूरी वाली वायु रक्षा प्रणाली के सफल उड़ान परीक्षण किये हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ये परीक्षण गुरुवार और राजस्थान की पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में सीमा और अधिकतम ऊंचाई अवरोधन के महत्वपूर्ण मापदंडों का प्रदर्शन करते हुये, उच्च गति के लक्ष्य पर किये गये। इन विकास परीक्षणों ने विभिन्न लक्ष्य निर्धारण परिदृश्यों में हथियार प्रणाली की 'हिट-टू-किल' क्षमता को प्रदर्शित किया। इन मिसाइलों का विकास पूरा हो चुका है और दो उत्पादन एजेंसियां विकास सह उत्पादन भागीदार मोड में लगी हुई हैं। इससे सरकार के आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण के अनुरूप कम समय में प्रारंभिक उपयोगकर्ता परीक्षणों और उत्पादन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। यह मिसाइल मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम 'है जिसे डी आर डी ओ की अन्य प्रयोगशालाओं और रिसर्च सेंटर इमारात द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है। तीनों सेनायें शुरू से ही इस परियोजना से जुड़ी रही हैं और उन्होंने विकास परीक्षणों के दौरान भाग लिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल परीक्षणों में शामिल डीआरडीओ, सशस्त्र बलों और उद्योग जगत के भागीदारों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों से लैस यह नयी मिसाइल हवाई खतरों के खिलाफ सशस्त्र बलों को और अधिक तकनीकी ताकत देगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने भी सफल उड़ान-परीक्षणों के लिये डीआरडीओ टीम, उद्योग भागीदारों और उपयोगकर्ताओं को बधाई दी।

## भारत-नाइजीरिया यूथ कनेक्ट: में युवा नेतृत्व सांस्कृतिक आदान-प्रदान,महिला सशक्तीकरण पर चर्चा

**नयी दिल्ली।** चकबल ग्रुप ने नाइजीरियाई उच्चायोग के सहयोग से 'भारत-नाइजीरिया यूथ कनेक्ट' संगोष्ठी का आयोजित किया, जिसमें युवा नेतृत्व, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, उद्यमिता और महिला सशक्तीकरण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी। आभासी माध्यम से आयोजित इस संगोष्ठी में 120 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संगोष्ठी के दौरान भारत और नाइजीरिया के भविष्य को आकार देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान चकबल ग्रुप के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुदीप चक्रवर्ती ने दोनों देशों के युवा प्रतिभागियों को आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए एक प्रमुख चालक के रूप में सहयोग के लिए प्रोत्साहित किया। 'युवा नेतृत्व पर एक प्रभावशाली' विषय पर चर्चा के दौरान अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद (एबीएपी) के संगठन सचिव श्रीहरि बोरिकर ने सामाजिक परिवर्तन में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और कौशल विकास और शिक्षा के लिए युवाओं में निवेश के महत्व का उल्लेख किया। एबीवीपी के राष्ट्रीय संगठन सचिव आशीष चौहान ने भारत-नाइजीरिया संबंधों को मजबूत करने के लिए शैक्षिक सुधारों और छात्र विनिमय कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित किया और राष्ट्रीय विकास की दिशा में छात्रों को संगठित करने में इस संगोष्ठी जैसे मंचों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद छात्रवृत्ति जैसे शैक्षिक आदान-प्रदान वाले कार्यक्रमों की वकालत की, जो दोनों देशों के विद्यार्थियों को शैक्षिक और व्यावसायिक रूप से सफल होने के लिए आवश्यक साधन प्रदान करते हैं।



# हिमाचल में 'टॉयलेट टैक्स' को लेकर सियासी जंग छिड़ी

एजेंसी ◄ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश में 'टॉयलेट टैक्स' को लेकर सियासी जंग छिड़ी हुई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 'टॉयलेट टैक्स' को लेकर स्थिति स्पष्ट कर दी है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत के दौरान हिमाचल प्रदेश में 'टॉयलेट टैक्स' लगाए जाने के दावों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश में 'टॉयलेट टैक्स' लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। इसको लेकर एक अधिसूचना सार्वजनिक की गई है। जिस पर अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि 21 सितंबर को यह अधिसूचना जारी हुई थी। सीवरेज चार्जेस के संबंध में जारी अधिसूचना को उसी दिन वापस लिया गया था। शर्मा ने कहा कि की ओर से इस पर आपत्ति दर्ज करवाई गई थी। ग्रामीण इलाकों में पीने के पानी को लेकर अधिसूचना जारी हुई थी। शिमला में पहले से सीवरेज का शुल्क लिया जाता था। कुछ जगहों पर होटल्स या कुछ संस्थाओं के लिए ये किया गया था। इस पर विवाद खड़ा हो गया है, जबकि ये पुरानी अधिसूचना है। नई अधिसूचना जल्द जारी की जाएगी। उन्होनें कहा कि प्रदेश सरकार के जल शक्ति विभाग ने शुल्क से जुड़ी एक अधिसूचना जारी की थी। इसमें ग्रामीण इलाकों में पीने के पानी पर 100 रुपये शुल्क लगाने की अधिसूचना जारी हुई थी। जिन इलाकों में सरकार सीवरेज का कनेक्शन देती है, उन्हें इलाकों पर सीवरेज पर पानी के बिल का 30 फीसदी पहले से ही शुल्क के तौर पर लिया जाता है। एसीएस ने कहा कि एक से ज्यादा मंजिल वाले मकान को भी एक ही कनेक्शन के तौर पर देखा जाता है। एसीएस ओंकार चंद शर्मा ने कहा कि कुछ चुनिंदा स्थानों में यह देखने को मिला था कि होटल पानी तो अपना इस्तेमाल करते हैं, लेकिन सीवरेज कनेक्शन सरकार का इस्तेमाल किया जा रहा था।

# कुशीनगर की 328 बदहाल सड़कों को 31 अक्तूबर तक गड्ढा मुक्त करेगा पीडब्ल्यूडी

एजेंसी ◄ कुशीनगर
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में सवा तीन सौ सड़कें पूरी तरह बदहाल हैं। इसमें 204 सड़क यानि 438 किमी सड़क को गड्ढा मुक्त किया जायेगा तथा 124 सड़कों के 244 किमी दोबारा बनाने की संस्तुति की गई है। इस संबंध में राजेश कुमार सिंहए अधिशासी अभियंता ने बताया कि शासन के निर्देश पर जिले के सड़कों को आगामी 31 अक्तूबर तक हर हाल में गड्ढा मुक्त कर दिया जायेगा। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सड़कों पर काम लगना शुरू हो गया है। इसमें किसी प्रकार की लापरवही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बरसात के कारण जिले में सड़कें टूटकर पूरी तरह बदहाल हो गई हैं। सड़कों के खराब होने के कारण लोगों को जान जोखिम में लेकर यात्रा करनी पड़ती है। इससे अक्सर लोगों का वाहन खराब होते हैं। विभाग का सड़क मरम्मत कार्य सिर्फ पैचिंग तक ही सीमित है। लोक निर्माण विभाग आगामी 31 अक्तूबर तक शासन से मिले बजट से सड़कों को गड्ढा मुक्त करने में जुटा हुआ है। सड़कों की मरम्मत का काम शुरू हो गया है। जिले के कसया.रामकोला मार्ग के अलावा टेकुआटार.रामनगर मार्ग समेत तमाम के कई जगह टूट कर गड्ढे में तब्दील होने से यात्रा करने वाले राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात होने पर कुरहवाए सोहसा चौराहाए श्रीराम जानकी मंदिर के समीपए सतुगढही बाजार और रामनगर चौराहे पर सड़क टूटने से हुए गड्ढे में जल जमाव से ग्रामीणों को मजबूरन जल जमाव से होकर जाना पड़ता है।

# बुंदेलखंड श्रीअन्न की खेती के लिए बिल्कुल मुफीद: सूर्य प्रताप शाही

एजेंसी ◄ झांसी
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के कृषिमंत्री सूर्यप्रताप शाही ने बुंदेलखंड को श्रीअन्न की खेती के लिए बिल्कुल मुफीद बताते हुए कृषि विज्ञान केंद्रों को बड़ी आर्थिक मदद देने की बात कही ताकि श्रीअन्न किसानों को अधिक से अधिक लाभ दिया जा सके। रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में श्रीअन्न की सतत एवं लाभप्रद खाद्य प्रणाली पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय परामर्श का शनिवार को शुभारंभ करने के दौरान शाही ने कहा कि बुंदेलखंड में पारम्पारिक खेती के रूप में अन्न की खेती होती रही है।

झांसी बुंदेलखंड अन्न की खेती के लिए सबसे मुरीद है। पिछले वर्षों के अन्दर अन्न की काफी मांग बढ़ी है। खेती पर जलवायु परिवर्तन का काफी प्रभाव पड़ा है। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों सहित बुंदेलखण्ड में ज्यादा वर्षा हुई है। उन्होंने कहा कि अन्न का विस्तार उत्तर प्रदेश हुआ है और यह 9 हजार हैक्टेयर से 48 हजार हैक्टेयर पर पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने अन्न को विस्तार देने में 45 कृषक उत्पादन संगठन (एफपीओ) को जोड़ा है। इसमें 5 एफ्पीओ को मोबाइल वैन दी है, जो किसानों से अन्न खरीदने और बेचने का कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश के नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या, बांदा कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ कृषि विश्वविद्यालय, को मदद की गई है एवं बुंदेलखण्ड के सभी कृषि विज्ञान केन्द्र को 95 लाख रूपए दिए हैं। इससे किसानों को कृषि कार्यों में मदद मिल सके। उत्तर प्रदेश सरकार एमएसपी पर अन्न खरीद रही है। कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि अन्न को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय अग्रणी भूमिका निभा रहा है। पिछले दो वर्षों में कोदो और साबा की खेती में विशेष सफलता मिली है और मिलेट्स की अन्य फसलों की उत्पादन और उत्पादकता कैसे बड़े इस पर प्रयास चल रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अन्न के रकबे में तीन लाख हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। बुंदेलखण्ड अन्न के लिए उपयुक्त है। यह आयोजन चार बिंदुओं पर केंद्रित है। उत्पादन, प्रशंस्करण, बाजार, किसान समूहों कैसे जोड़ें । इन सबके लिए एक पॉलिसी जरूरी है।

## पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, पिता-पुत्र की मौत

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश में फतेहपुर के असोथर थाना क्षेत्र स्थित पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से मालिक और उसके युवा पुत्र की मौत हो गयी जबकि भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि असोथर थाना क्षेत्र के सातों धरमपुर गांव में एक पटाखा फैक्ट्री में दीपावली के मद्देनजर बड़ा तादाद में बारूद एकत्रित किया गया था। देर रात जब फैक्ट्री में पटाखे बनाने का काम चल रहा था उसी समय अचानक विस्फोट हो गया। हादसे में फैक्ट्री मालिक चांद बाबू (55) और उसका पुत्र आसियान (20) की मृत्यु हो गई। भतीजा फैज बुरी तरह से जख्मी हो गया जिसको कानपुर रेफर किया गया। उन्होंने बताया फतेहपुर जिले में पटाखा बनाने के कई कारखाने हैं। पुलिस सभी पटाखा फैक्ट्रियों के लाइसेंस की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि मरने वाले खागा थाना क्षेत्र के मुसवापुर गांव के रहने वाले हैं। पुलिस दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## फर्रुखाबाद में कार की चपेट में आने से एक किशोर की मौत दो घायल

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में एक कार की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई और उसके दो साथी गम्भीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के नगला पंजाबा में रहने वाले किशोर उम्र करीब 14 वर्षीय हर्ष जाटव, अपने पड़ोसी साथी 13 वर्षीय किशोर केशब उर्फ राजन जाटव तथा 14 वर्षीय किशोर रजत जाटव,नित्य प्रति कानपुर फर्रुखाबाद मार्ग पर प्रातः दौड़ लगाने के लिए आते थे। तीनों छात्र किशोर थाना क्षेत्र के कुटरा कॉलोनी के सामने दौड़ लगा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार वाली एक कार की चपेट में आने से तीनों छात्र किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप घायल अचेतावस्था वाले तीनों किशोरों को फर्रुखाबाद के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचा। जहां सरकारी चिकित्सक ने किशोर हर्ष को मृत घोषित कर दिया तथा उसके दो गंभीर रूप से घायल साथियों को इटावा जिले के सफाई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। इसके साथ ही पुलिस दुर्घटना करने वाली कार की तलाश में जुड़ गई।



## सभी फार्मेसी-केमिस्ट अपने परिसरों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करें: मुकेश

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा के ज़िला दंडाधिकारी मुकेश रेपसवाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 के तहत आदेश जारी करते हुए ज़िला चंबा में अनुसूची एच, एच1 और एक्स श्रेणी की दवाइयां बेचने वाले सभी फार्मेसी-केमिस्ट को तत्काल प्रभाव से अपने परिसरों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। ज़िला में बच्चों को बिना चिकित्सीय परामर्श के अनुसूची एच, एच1 और एक्स श्रेणी दवाइयों की बिक्री पर तत्काल रोकथाम और नियंत्रण लगाने के लिए यह आदेश जारी किये गए हैं। जारी आदेश में यह भी कहा गया है कि सीसीटीवी कैमरों को हर समय क्रियाशील और चालू हालत में रखना होगा तथा कैमरे का रिकॉर्ड समय-समय पर नियामक प्राधिकरण जैसे ड्रग और पुलिस अधिकारियों को उपलब्ध करवाना होगा। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि नियमों के उल्लंघन की अवस्था में किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 77 तथा किशोर न्याय आदर्श नियम, 2016 के नियम 56 के अंतर्गत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर आगामी आदेश तक प्रभावी रहेंगे।

# पेंट माय सिटी अभियान के तहत दिखलाई पड़ रहे आस्था के रंग

वार्ता ◄ प्रयागराज
www.dailypioneer.com

दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महाकुंभ मेला को दिव्य और भव्य बनाने के लिए 'पेंट माय सिटी अभियान' के तहत प्रयागराज की प्रमुख दीवारों पर आस्था के रंग इस प्रकार चढ़ाए जा रहे हैं जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक -धार्मिक माहौल के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत की भी झलक देखने को मिले। प्रयागराज में महाकुंभ मेले की तैयारी शुरू हो गई है और कुंभ नगरी धीरे धीरे अपने रंग में रंग रही है। मेले के दौरान लोगों को आध्यात्मिक -धार्मिक माहौल के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिले, इसके लिए अभी से तैयारियां शुरु हो चुकी हैं। कुंभ के लिए 'पेंट माय सिटी अभियान' के तहत प्रयागराज की प्रमुख दीवारों, फ्लाईओवर के पिलर पर महाकुंभ का इतिहास चित्र, धार्मिक कथाएं, ऋषि मुनियों के चित्रों को उकेरने में कलाकार मशगूल हैं। अपर मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि प्रयागराज शहर को और यहां आने वाले श्रद्धालुओं को अध्यात्म की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए 'पेंट माय सिटी अभियान' चलाया जा रहा है। इसके लिए 10 लाख स्क्वायर फिट का लक्ष्य किया गया जबकि पांच लाख स्क्वायर फिट पर कार्य हो चुका है। इसमें महाकुंभ के इतिहास के चित्र, धार्मिक कथाओं के आदि के चित्रों को उकेरने का काम कलाकार बड़ी तल्लीनता से कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि डिजाइन का कार्य कन्टेट वेलीडेशन कमेटी से अप्रूव कराने के बाद ही इस कार्य को अंजाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह सभी डिजायन कुंभ मेले पर, सनातन संस्कृति और हिंदू परंपरा से संबंधित डिजाइन दीवारों पर उकेरे जाते हैं। उन्होंने बताया कि देश और दुनिया के कोने-कोने से बड़ी तादाद में श्रद्धालु पतित पावनी गंगा, श्यामल यमुना और अन्तः सलिला स्वरूप में प्रवाहित सरस्वती में आस्था की डुबकी लगाने पहुंचेंगे। उनके यहां पहुंचने पर उनको इस बात का आभास दिलाया जा सके कि वह दुनिया के सबसे बड़े आस्था के मेले में हैं। उनके हृदय में पवित्रता और आस्था का उत्तम तस्वीर उभरे जिसे वह अपने साथ दिव्य और भव्य महाकुंभ का सुंदर चित्रण अपने में संजोकर घर जाएं और लोगों में यहां के चित्रण का बखान कर सकें।

# हिमाचल के एक और मंत्री हुए 'योगी मॉडल' के मुरीद

एजेंसी ◄ शिमला
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश (उ.प्र.) में योगी आदित्यनाथ की सरकार अब कांग्रेस के लिए भी मॉडल बन रही है। ऐसा हम नहीं बल्कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार के मंत्री कह रहे हैं। हाल ही में सुक्खू सरकार में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने उ.प्र. के शिक्षा मॉडल की जमकर तारीफ की है। इसके साथ ही उन्होंने यूपी के शिक्षा मॉडल को हिमाचल प्रदेश में भी लाने की भी बात कही है। गौरतलब है कि ये पहली बार नहीं है जब कांग्रेस के किसी मंत्री ने उ.प्र. के 'योगी मॉडल' की तारीफ की है। इससे पहले ही सुक्खू सरकार के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने उ.प्र. की तरह हिमाचल में भी रेहड़ी वालों के लिए नेम प्लेट अनिवार्य करने की बात कही थी। हालांकि बाद में उन्होंने अपने बयान का खंडन कर लिया था।

दरअसल, हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है। सुक्खू सरकार के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर भी 'योगी स्टाइल' के मुरीद दिखे। ठाकुर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमने विभाग की एक बैठक रखी, जिसमें इस बात पर चर्चा हुई कि उ.प्र. में शिक्षा के क्षेत्र में अच्छे काम हुए हैं। जिस तरह से उ.प्र. में एजुकेशन आगे बढ़ रही है, ऐसे में वहां की जो बेस्ट प्रैक्टिसेस हैं, उन्हें हम अपने यहां भी लेकर आएं। उन्होंने कहा कि उ.प्र. के कामों से हमें सीखने की जरूरत है। इससे पहले भी हिमाचल प्रदेश के एक मंत्री योगी सरकार की तारीफ कर चुके हैं। कुछ दिन पहले ही मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने योगी सरकार की तारीफ करते कहा था, ''हमने रेहड़ी-पटरी वालों के लिए रेहड़ी-पटरी समिति द्वारा जारी पहचान पत्र (आईडी कार्ड) प्रदर्शित करने को अनिवार्य बनाने का फैसला किया है, ऐसा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपनाए गए प्रारूप की तर्ज पर किया गया है, जिसने इस विचार को आगे बढ़ाया था।'' उनके इस बयान के बाद कांग्रेस में ही उनकी काफी आलोचना हुई, जिसके बाद उन्हें अपने बयान का खंडन करना पड़ा था।

# उम्मीद है कि भारत और पाकिस्तान द्विपक्षीय मुद्दों पर बात करेंगे: फारूक अब्दुल्ला

वार्ता ◄ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत और पाकिस्तान अगले सप्ताह इस्लामाबाद में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

अब्दुल्ला ने उम्मीद जताई कि भारत और पाकिस्तान के बीच दुश्मनी दूर होगी और दोनों देशों के बीच बेहतर रिश्ते की शुरुआत होगी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला विदेश मंत्री एस जयशंकर की अगले सप्ताह एससीओ शिखर सम्मेलन की बैठक में भाग लेने के लिए इस्लामाबाद यात्रा के बारे में पूछे गये एक सवाल के जवाब में यह बात कही। उन्होंने श्रीनगर में सवांददाताओं से कहा, मुझे उम्मीद है कि वे हर मुद्दे पर बात कर सकेंगे. आर्थिक मुद्दे हम सभी और दुनिया के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं और मुझे यकीन है कि वे द्विपक्षीय मामलों पर भी बात करेंगे। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि बातचीत दोस्ताना होगी और दोनों देशों के बीच बेहतर समझ हासिल करने की कोशिश की जाएगी। उन सभी को मेरी शुभकामनाएं। यह पूछे जाने पर कि क्या इस्लामाबाद में बैठक से मुद्दों का समाधान निकलेगा अब्दुल्ला ने कहा कि कोई नहीं जनता कि वहां क्या होगा। उन्होंने कहा, लेकिन सभी को उम्मीद है कि दुश्मनी दूर होगी और दोनों देशों के बीच बेहतर रिश्ते शुरू होंगे। नेकां अध्यक्ष ने कहा कि वह भाजपा के साथ नहीं जाएंगे क्योंकि यहां वोट उनके खिलाफ पड़े हैं।

## रैली में कांग्रेस की महिला कार्यकर्ता से छेड़छाड़ की घटना दुर्भाग्यपूर्ण: सैनी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि रैली में कांग्रेस की एक महिला कार्यकर्ता से छेड़छाड़ की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। सोशल मीडिया में कांग्रेस की एक रैली में एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें एक महिला को गलत तरीके से छूने की कोशिश करते एक व्यक्ति दिख रहा है। रैली कहां की और कब की है पता नहीं चल सका है, लेकिन कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने उक्त महिला से बात करने के बाद घटना की पुष्टि की है और दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उधर, सैनी ने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा जैसे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के स्टेज पर होते हुये भी अगर महिला के साथ छेड़-छाड़ होती है तो यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है, इससे कांग्रेस की मानसिकता पता चलती है। उन्होंने कहा कि अगर छेड़छाड़ की शिकायत हमें मिलती है तो जरूर कार्रवाई करवायेंगे किसी को बख्शने का सवाल नहीं है।



# बिना सुपर एसएमएस के चल रही कंबाइन से 50 हजार रुपये जुर्माना वसूल

वार्ता ◄ जालंधर
www.dailypioneer.com

पराली जलाने की घटनाओं को रोकने और सुपर एस.एम.एस. कंबाइन हार्वेस्टर से धान की कटाई सुनिश्चित करने के लिये जिला प्रशासन द्वारा गठित विशेष टीमों द्वारा विभिन्न गांवों में कंबाइनों के निरीक्षण के दौरान करतारपुर के गांव जंड सराय में बिना सुपर एस.एम.एस. चल रही कंबाइन को पुलिस ने जब्त कर लिया है और 50 हजार रुपये का पर्यावरण मुआवजा लगाया गया है। जिला उपायुक्त डॉ हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि जिला प्रशासन ने पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कृषि और पुलिस विभाग के अधिकारियों पर आधारित संयुक्त टीमों का गठन किया है, जिन्होंने जिले के गांवों का दौरा किया और कंबाइनों का निरीक्षण करने के अलावा किसानों को धान की फसल सुपर एस.एम.एस कंबाइनों के साथ करने के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है। डॉ अग्रवाल ने कहा कि पराली/ फसल अवशेष जलाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिये जिला प्रशासन द्वारा बहुआयामी रणनीति अपनायी गयी है। पराली प्रबंधन के लिये जहां किसानों को सब्सिडी पर आधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाये जा रहे हैं, वहीं निरंतर जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से पराली न जलाने का संदेश भी घर-घर पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की मदद के लिये जिला प्रशासन द्वारा पहले ही एक हेल्पलाइन नंबर 0181-2225005 जारी किया गया है, जिस पर किसान पराली/फसल अवशेष प्रबंधन और कंबाइन पर सुपर एसएमएस लगाने के लिये सहायता की खातिर संपर्क कर सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन ने सुपर एसएमएस के तहत ही धान की कटाई करने के निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

# विश्व शिक्षक दिवस समारोह में शामिल हुए विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल

## स्व. प्रेमसिंह साव सम्मान से शिक्षकों को किये सम्मानित

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा अंजोर भारत छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में विप्र भवन बसना में विभिन्न अंचलों के शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने बसना विकासखण्ड के आदर्श शिक्षक स्व. प्रेमसिंह साव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विश्व शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित इस समारोह में बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों के योगदान की सराहना की और उन्हें समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए उनका अभिनन्दन किया। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने आगे कहा की शिक्षक हमारे समाज के नींव के पत्थर हैं। उनकी मेहनत, समर्पण और मार्गदर्शन के बिना, देश का भविष्य उज्ज्वल नहीं हो सकता। मैं सभी शिक्षकों को उनके अथक प्रयासों के लिए धन्यवाद देता हूँ। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है और शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए वह सदैव तत्पर हैं। विधायक ने शिक्षकों एवं पत्रकारों को शाल श्रीफल से सम्मानित किये और उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किए तथा संपादक व शिक्षक डीजेन्द्र कुर्रे कोहिनूर के मया के खजाना एवं संपादक व शिक्षक प्रेमचंद साव प्रेम के बालकाव्य बालकुंज पुस्तक का विमोचन भी किये। कार्यक्रम में सांस्कृतिक एवं देशभक्ति प्रस्तुतियां दी गईं। इस दौरान विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल के शुभचिंतकों ने उनको फलों से तौल कर तुलादान किया तथा विधायक ने पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल पहुंच कर अपने पूज्य पिताजी स्व.जगदीश चन्द्र अग्रवाल के स्मृति विशेष में वृक्षारोपण किये। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, नगर पंचायत बसना अध्यक्ष गजेन्द्र साहू, रामचंद्र अग्रवाल, सेवानिवृत्त प्राचार्य रमेश कुमार खरे, मण्डल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, बीआरसी पूर्णानंद मिश्रा, महामंत्री अभिमन्यु जायसवाल, स्काउट गाइड संघ अध्यक्ष शीत गुप्ता, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, कामेश बंजारा, विधायक प्रतिनिधिगण अरविंद मिश्रा, मोहित पटेल, विधायक कार्यालय गढफुलझर प्रभारी हरजिंदर सिंह, हाई स्कूल कोषाध्यक्ष विजय पटेल, प्रतिमा साव, प्राचार्यगण सुरेश कुमार पटेल, जगदीश जगत, शरद प्रधान, उत्तर कुमार चौधरी, निमंकर पटेल, संतलाल भोई, मधुमंगल प्रधान, राजकुमारी गुप्ता, अजय जायसवाल, बलदेव मिश्रा, चक्रधर पटेल, पत्रकारगण सीडी बघेल, नंदलाल मिश्रा, सुखदेव वैष्णव, गौरीशंकर दास, संजय तायल, भगतराम वाधवा, अभय धृतलहरें, मनहरण सोनवानी, देशराज दास, बसंत साहू, अनिक दानी, अनिश लाला दानी, कुबेरचरण नायक, केशव कुमार, सदानंद साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# कलेक्टर ने किया मक्का प्रसंस्करण प्लांट का निरीक्षण, निर्माण कार्यों में तेजी के निर्देश



पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शनिवार को कोकोड़ी में स्थित निर्माणाधीन मां दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और सीओटू प्लांट के कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। संबंधित एजेंसी से चर्चा करते हुए उन्होंने निर्माण में हो रही देरी पर चिंता जताई और कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए सभी निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया।

कलेक्टर ने प्लांट परिसर में सड़क निर्माण कार्य को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए, साथ ही रेन हार्वेस्टिंग प्रणाली के कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कंडेनसेट पॉलिशिंग यूनिट का काम अगले सात दिनों में पूरा करने के निर्देश दिए और प्लांट परिसर में हरियाली के लिए बागवानी और पौधारोपण के कार्य का जायजा लिया। साथ ही पानी की पाइपलाइनों की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने सभी निर्माण एजेंसियों को 15 अक्टूबर तक सभी कार्यों को पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए, ताकि प्लांट जल्द से जल्द संचालन के लिए तैयार हो सके।

# जायसवाल निको कंपनी द्वारा छोटेडोंगर में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com




जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर में आमदई लौह अयस्क खदान संचालित है जहां पर मेसेर्स जायसवाल निको कम्पनी छोटेडोंगर द्वारा ग्राम पंचायत छोटेडोंगर मे 5 अक्टूबर 2024 दिन शनिवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कंपनी के उप महाप्रबंधक एच.एन.झा ने बताया कि छोटेडोंगर के बिहान भवन में आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में नागपुर से आ रहे विशेषज्ञ चिकित्सको डां.निलेश ठाकरे सर्जन ,डां.मनोहर कांगले फिजीशियन , डां.श्याम देयोटले आर्थो सर्जन,डां.पुरषोत्तम गुप्ता चिकित्सक द्वारा विभिन्न प्रकार की बीमारियो का ईलाज किया जायेगा। जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा ग्रामीणो को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित फ्री चिकित्सा शिविर का लाभ कंपनी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों छोटेडोंगर, बड़गांव, गौरदण्ड, धनोरा, चमेली, राजपुर, रायनांर के साथ साथ नारायणपुर एवं ओरछा ब्लाक (अबूझमाड़) के अन्य ग्राम पंचायतो के ग्रामीण भी ले सकते है।

## राविप्रा के पूर्व अध्यक्ष ललित तिवारी के आकस्मिक निधन पर महापौर एजाज ढेबर एवं सभापति प्रमोद दुबे ने गहन दुख: व्यक्त कर दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** रायपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष रायपुर निवासी ललित तिवारी के 85 वर्ष की अवस्था में आकस्मिक निधन पर रायपुर नगर पालिक निगम के महापौर एजाज ढेबर एवं सभापति प्रमोद दुबे ने गहन दुखः व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। महापौर एजाज ढेबर एवं सभापति प्रमोद दुबे ने कहा कि रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में ललित तिवारी द्वारा वर्ष 1986 से 1988 के दौरान पुराने रायपुर शहर के विकास में दिए गए उल्लेखनीय योगदान का सदैव ससम्मान स्मरण किया जायेगा। महापौर एजाज ढेबर एवं सभापति प्रमोद दुबे ने रायपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष ललित तिवारी के आकस्मिक निधन पर परमपिता परमेश्वर से मृतात्मा की आत्मा को अपने श्रीचरणों में शान्ति प्रदान कर उनके परिवारजनों, ईष्ट मित्रगणों, सहयोगियों को इस असीम दुखः को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की विनम्र प्रार्थना की है।

# बड़ेकनेरा स्वयंसेवी शिक्षकों का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण हुआ संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार उल्लास नव भारत साक्षरता के त्वरित क्रियान्वयन हेतु सर्वेयर, ग्राम प्रभारी और स्वयं सेवी शिक्षकों का एक एक दिवसीय संकुल स्तरीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन विकासखंड के अलग अलग 13 संकुल केंद्रों में आयोजित किया गया। इस दौरान संकुल केंद्र बड़ेकनेरा में मास्टर ट्रेनर शिवचरण साहू और प्रियंका पटेल द्वारा केंद्र में उपस्थित 65 प्रशिक्षणार्थियों को उल्लास प्रवेशिका कैसे पढ़ाए, अभ्यासकार्य एवं सहायक शिक्षण सामग्री, पाठ योजना, बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान, कक्षा प्रबंधन की जानकारी प्रशिक्षु को दिया गया। साथ ही मनोज दुबे बीईओ, डीएस पोटाई विकास खंड परियोजना समन्वयक साक्षरता द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। जिसमें संकुल केंद्र बाखरा, राजागांव, बड़ेबेंदरी, बड़ेकनेरा, कमेला, बकोडागुडा, करंजी, कोकोडी के संकुल समन्वयक राजू दिवान, लिखेश्वर पाण्डेय नरेंद्र जैन, उमेश भारती, मयाराम, रुद्रेश्वर मिश्रा, रमन ठाकुर, गौतम पांडे और स्वयंसेवी शिक्षक उपस्थित रहें।

# किरन्दुल श्री राघव मंदिर में की गई मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

श्री राघव मन्दिर किरंदुल में पूर्ण श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ शारदीय नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है।आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि अर्थात नवरात्रि के तीसरे दिन शनिवार माता रानी के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा का पूजन किया जाता है। देवी चंद्रघंटा के सिर पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र नजर आता है। इसलिए भक्त उन्हें चंद्रघंटा कहकर बुलाते हैं। देवी चंद्रघंटा का वाहन सिंह होता है।मां की 10 भुजाएं, 3 आंखें, 8 हाथों में खड्ग, बाण आदि अस्त्र-शस्त्र हैं। इसके अलावा देवी मां अपने दो हाथों से अपने भक्तों को आशीष देती हैं।

# जल जीवन मिशन के अंतर्गत मितानीन मास्टर ट्रेनरों को दिया गया जल परीक्षण प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




कोंडागांव ब्लॉक के स्वास्थ्य केंद्र में मितानिन मास्टर ट्रेनरों को जल जीवन मिशन योजना के तहत जल परीक्षण पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से मितानिनों को जल परीक्षण की तकनीक और पानी से संबंधित बीमारियों के बारे में जागरूक करना था। प्रशिक्षण सत्र में बताया गया कि, पीने के पानी में विभिन्न तत्वों की उपस्थिति की सीमा क्या होनी चाहिए और उन तत्वों की अधिकता से कौन-कौन सी जल जनित बीमारियां हो सकती हैं। पानी की गुणवत्ता का परीक्षण किस प्रकार फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से किया जा सकता है, इसकी भी विस्तृत जानकारी दी गई। यह किट ग्रामीण इलाकों में जल परीक्षण को सरल बनाने के उद्देश्य से उपयोग में लाई जा रही हैं ताकि समुदाय के लोग स्वयं अपने स्तर पर पानी की गुणवत्ता की जांच कर सकें। प्रशिक्षण सत्र में उपस्थित प्रमुख अधिकारियों में ब्लॉक समन्वयक पियम दुर्गा, यूनिसेफ से किशन साहू, जल गुणवत्ता प्रबंधन एवं समन्वयक मिथलेश कुमार साहू, प्रयोगशाला सहायक श्यामलाल कोर्राम और पतिराम मरकाम उपस्थित रहें।

# विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा सर्मपण वृद्धा आश्रम का किया गया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार में गायत्री साय व्यवहार न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के द्वारा सर्मपण वृद्धा आश्रम कोंडागांव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई में व्यवस्थित पायी गयी। साथ ही सचिव के द्वारा वृद्धजनों के कक्ष में जाकर उनका स्वास्थ्य का जायजा लिया गया एवं कोई भी वृद्धजन यदि बीमार हो जाये तो उन्हें तुरंत जिला अस्पताल में उपचार करने हेतु वृद्धा आश्रम के कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। इसी दौरान वृद्धजनों के प्रति विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर उनके अधिकारों को बताते हुए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा योजना 2016 के संबंध में जानकारी देते हुए अन्य अधिकारों के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता कोंडागांव, पारेश्वर देवांगन, विवेक कश्यप पीएलव्ही एवं वृद्ध आश्रम के समस्त स्टाफ सहित वृद्धजन उपस्थित रहें।

## देवी के दर्शन से पहले होती है उस बेटी के दर्शन जिसके समाधि स्थल पर बना है दुर्गेश धाम

# बेटी की याद में पिता ने बनाया माता का मंदिर





पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

एक पिता ने अपने बेटी की समाधि स्थल में ही बना दिया माँ दुर्गा का मंदिर, इस मंदिर को लेकर लोगों में ऐसी आस्था है, की दूर-दूर से भक्त यहां दर्शन करने आते हैं। बालोद जिले के गुरुर ब्लाक के भूलनडबरी गांव में स्थित दुर्गेश धाम देवी का है अनोखा मंदिर। जहां नवरात्रि में प्रज्वलित होती है मनोकामना ज्योति। देवी के दर्शन से पहले होती है उस बेटी के दर्शन जिसके समाधि स्थल पर बना है ये दुर्गेश धाम। सच कहते हैं अगर घर में बेटियां हो तो घर आँगन चहकने लगता है। कुछ ऐसा ही था भूलनडबरी गांव के कोर्पे परिवार में जहां 18 अक्टूबर 1988 नवरात्रि में एक प्यारी सी बेटी ने जन्म लिया। जिसका नाम दुर्गेश रखा गया। माता-पिता की लाडली दुर्गेश जन्म से ही बीमार रहने लगी कि अचानक 1996 में उसकी मौत हो गई। पिता मदन कोर्पे ने बेटी की समाधि खुद के खेत में बनवाई। मगर एक दिन अचानक पिता के सपने में बेटी आई और माता के मंदिर बनाने की प्रेरणा दे कर चली गई। फिर क्या था पिता ने एक सुंदर मंदिर का निर्माण कराया, बेटी की मूर्ति समाधि के ऊपर विराजित की। वही देवी दुर्गा की मूर्ति भी स्थापित की और फिर इस मंदिर का नाम हो गया दुर्गेश धाम। इस मंदिर में रोज सैकड़ों लोग आते हैं। जिनकी टकटकी नजर माता से पहले उस बिटिया के मूर्ति पर पड़ती है, जो मंदिर में प्रवेश करते ही नजर आती है। लोग पहले बिटिया दुर्गेश को प्रणाम कर फिर देवी के दर्शन करते है। हर नवरात्रि में यहां मनोकामना ज्योति जलाई जाती है, इस बार भी प्रदेश के कोने कोने से भक्तों ने यहां अपनी मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित की है। जहा इस मंदिर को लेकर लोगों में एक अलग की श्रद्धा है, तो छोटे बच्चे भी यहां पहुच बिटिया दुर्गेश को प्रणाम करते है

### 18 अक्टुबर को मनाया जाएगा जन्मोत्सव

इस शारदीय नवरात्रि में भी इस दुर्गेश धाम में 75 ज्योति कलश प्रज्वलित की गई है। हर साल यहां भक्तो की भीड़ उमड़ पड़ती है। आने वाले 18 अक्टूबर को दुर्गेश का जन्मोत्सव भी है। हर साल की तरह इस बार भी दुर्गेश का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। जहा एक पिता का अपनी बेटी के लिए बनाया गया, यह मंदिर अनेक लोगो को प्रेरणा दे रहा है।

### 8 वर्ष के दौरान हुई मृत्यु

मंदिर के पुजारी इतवारी राम नेताम बताते है कि दुर्गेश की पिता मदन लाल कोर्पे अपनी बेटी की याद में खुद की जमीन में इस मंदिर का निर्माण किये है। दर्शनार्थी भी दूरदराज से यहां आते हैं। इस मंदिर को लेकर लोगों में एक अलग ही आस्था है। दुर्गेश के चाचा कोमल सिंह कोर्पे कहते है कि मेरे बड़े भाई ने भतीजी की यादगार में यह मंदिर बनाया है। 8 साल की थी जब भतीजी की बीमारी की वजह से मौत हो गई।

# नगर पालिका के कार्यरत महिलाओं को दिया है पानी सप्लाई का प्रशिक्षण



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद किरंदुल द्वारा विभिन्न वार्डों में पानी सप्लाई किया जाता है। जिसमें की कर्मचारियों के हड़ताल एवं अन्य आपदा के समय कर्मचारी की की आवश्यकता होती है जिस कारण वर्तमान में 5 महिला कर्मचारियों को अलग अलग जगहों पर स्थापित वाल की जानकारी दी गई और बताया गया की किस जगह कितने देर पानी दिया जाना हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी एस बी महापात्र ने बताया किसी भी समय पानी सप्लाई का काम बाधित ना हो इसलिए महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा था ताकि कार्य बाधित ना हो।

## संपादकीय

### हरियाणा चुनाव कांटे की टक्कर

**हरियाणा चुनाव** में कांटे की टक्कर है। भाजपा-जजपा गठबंधन टूटने तथा कांग्रेस विद्रोहियों ने अनिश्चितता बढ़ाई है। 5 अक्टूबर, 2024 को चुनाव में हरियाणा का राजनीतिक परिदृश्य जबरदस्त टकराव तथा गठबंधनों में बदलाव से परिभाषित हो रहा है। यह चुनाव भारतीय जनता पार्टी-भाजपा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है जिसने 2019 में दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी-जजपा के समर्थन से सरकार बनाई थी, पर अब वह अकेले चुनाव मैदान में उतरी है। भाजपा-जजपा गठबंधन टूटने से भाजपा को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उसे चुनाव तक अल्पमत सरकार चलानी पड़ी है। अपने पूर्व सहयोगी जजपा के अलग होने के बाद सत्तारूढ़ भाजपा अपने विकास एजेंडे पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। वह जनता को गिना रही है कि उसने ढांचागत विकास, शिक्षा तथा महिलाओं की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण काम किए हैं। लेकिन पार्टी को खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जहां कृषि सुधार जैसे मुद्दों पर भारी विरोध था। कांग्रेस स्वयं को भाजपा के मुख्य विकल्प के रूप में पेश कर रही है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में पार्टी को ग्रामीण क्षेत्रों में, खासकर जाट मतदाताओं में व्यापक समर्थन मिलने की उम्मीद है और वह भाजपा सरकार के प्रति कथित असंतोष का लाभ उठाने का प्रयास कर रही है।




दुष्यंत चौटाला अपनी पार्टी का अलग विमर्श बनाने के लिए स्वयं की भाजपा की नीतियों से दूरी बना रहे हैं तथा 'किसान-हितैषी सुधारों' की पैरवी कर रहे हैं।

हरियाणा में पूरे जोश के साथ चुनाव मैदान में उतरी आम आदमी पार्टी-'आप' अनिश्चितता और बढ़ा रही है। 'आप' पड़ोसी पंजाब में मिली सफलता यहां दुहराना चाहती है। पार्टी मुख्यत: शहरी मतदाताओं को संबोधित करते हुए स्वास्थ्यरक्षा, शिक्षा और भ्रष्टाचार-विरोधी कदमों पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। पिछले वर्षों में मजबूत पार्टी रही भारतीय राष्ट्रीय लोकदल-इनेलोद ने अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी-बसपा से हाथ मिलाया है। हरियाणा में कृषि क्षेत्र केन्द्रीय मुद्दा बना हुआ है। यह नए कृषि कानूनों पर किसानों के विरोध प्रदर्शनों से पैदा हुआ जिनको अब वापस ले लिया गया है। लेकिन सरकार के प्रति किसानों का गुस्सा अभी पूरी तरह ठंडा नहीं हुआ है। विपक्षी पार्टियां, खासकर कांग्रेस और जजपा इसका प्रयोग कर ग्रामीण मतदाताओं को लामबंद करने का प्रयास कर रही हैं। इसके साथ ही हरियाणा में भारत की सर्वाधिक बेरोजगारी दर है। भाजपा और कांग्रेस ने इसे हल करने का वादा किया है। भाजपा जहां अपनी औद्योगिक पहलें गिना रही है, वहीं कांग्रेस नई रोजगार नीतियों का प्रस्ताव कर रही है। इन सबके साथ ही राज्य में 'जातीय राजनीति' का दबदबा है जो सत्ता का निर्धारण करती है। परंपरागत जाट-गैर जाट विभाजन हरियाणा का राजनीतिक परिदृश्य परिभाषित करता है। भाजपा को परंपरागत रूप से गैर-जाट समुदायों का समर्थन मिलता रहा है, लेकिन उसके सामने इस जनाधार को मजबूत करने की चुनौती है। जजपा और कांग्रेस मुख्यत: जाट मतदाताओं पर ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं। जातीय गणित हमेशा हरियाणा के राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण रही है। इसने मतदाताओं के व्यवहार और चुनाव परिणामों को प्रभावित किया है। हरियाणा की जनसंख्या में 25-30 प्रतिशत जाट सर्वाधिक प्रभावशाली राजनीतिक जाति समूह हैं। हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस जाट तथा गैर-जाट के बीच खाई पाटने के लिए शहरी-ग्रामीण विकास योजनाओं पर ध्यान दे रही है, लेकिन उसे विद्रोहियों का सामना करना पड़ रहा है। 'जातीय गणित' का प्रबंधन करने वाले दल को ही राज्य में सत्ता मिलेगी।

# एकात्म मानववाद : आदर्श एवं चुनौतियां

भाजपा पंडित दीनदयाल उपाध्यय की 108वीं जन्म जयंती मना रही है। उसके सामने 'एकात्म मानववाद' के आदर्शों तथा आधुनिक प्रशासन के बीच संगति बैठाने की चुनौतियां हैं।



**के.एस. तोमर**
(लेखक, राजनीति विश्लेषक हैं)



भारतीय जनता पार्टी -भाजपा आजकल दीनदयाल उपाध्यय की 108वीं जन्म जयंती मना रही है। उसके सामने 'एकात्म मानववाद' आदर्शों तथा आधुनिक प्रशासन के बीच संगति बैठाने की चुनौतियां हैं। भारतीय जनसंघ के संस्थापक तथा 'एकात्म मानववाद' की अवधारणा व आदर्श पेश करने वाले स्वर्गीय दीनदयाल उपाध्याय की 108वीं जन्म जयंती मनाई जा रही है। ऐसे में भाजपा के सामने चुनौती है कि वह इस दूरदर्शी आदर्श के अनुकूल स्वयं को कहां तक ढाल पाती है और इसे लागू करने में कहां तक सफल होती है। दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' दर्शन में विकास के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपनाया गया है। इसमें मनुष्य की बेहतरी को ध्यान में रखते हुए विकेन्द्रीकरण, स्वदेशी संस्कृति, आत्मनिर्भरता तथा नैतिक प्रशासन पर जोर दिया गया है।

हालांकि, भाजपा ने इन सिद्धान्तों को अवधारणात्मक रूप से स्वीकार किया है, पर उनको दिन-प्रतिदिन के शासन-प्रशासन में स्थापित करना व्यावहारिक रूप से कठिन चुनौती है। इस अवधारणा को लागू करने के लिए आर्थिक आदर्शों को आधुनिक नीतियों के साथ रख कर देखना जरूरी है। दीनदयाल उपाध्याय के आर्थिक आत्मनिर्भरता तथा विकेन्द्रीकरण के सिद्धान्तों की भारत की वर्तमान स्थितियों से सामंजस्य बैठाना जटिल है। वर्तमान 'वैश्वीकृत' दुनिया में भारत की नीतियां पूंजी-संचालित अर्थनीति पर आधारित हैं। इन नीतियों का प्रारंभ 1990 के दशक में अपनाये गए उदारीकरण सुधारों से हुआ था जिनके केन्द्र में 'उदारीकरण, निजीकरण व वैश्वीकरण'-एलपीजी नीतियां थीं।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने ऐसी आर्थिक नीतियों पर ध्यान केन्द्रित किया है जिनसे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई, मुक्त बाजार सुधारों तथा निजीकरण को बढ़ावा मिले। आलोचकों का तर्क है कि इनका दीनदयाल उपाध्याय की आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्थ की अवधारणा से टकराव है क्योंकि इसमें ग्रामीण व स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन, जमीनी स्तर पर रोजगारों के सृजन तथा विदेशी पूंजी पर निर्भरता घटाने को केन्द्र में रखा गया है। सरकार ने स्वदेशी संस्कृति और वैश्वीकरण के बीच संतुलन बनाने का प्रयास किया है। दीनदयाल उपाध्याय ने भारत की स्वदेशी संस्कृति के संरक्षण तथा प्रोत्साहन की पैरवी की थी। हालांकि, इसके साथ देश की आधुनिक प्रगति को भी जोड़ा गया था। इनके बीच संतुलन बनाना भाजपा के लिए आसान काम नहीं है।

राजनीतिक पार्टी के रूप में भाजपा सांस्कृतिक गौरव, राष्ट्रवाद तथा परंपरागत मूल्यों पर जोर देती है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए उसने विश्व मंच पर आयुर्वेद व योग जैसी पहलों को बढ़ावा देने के अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। लेकिन आधुनिक जीवनशैली प्रवृत्तियों के उभार तथा तकनीकों के विकास के कारण भारत विश्व अर्थव्यवस्था से तेजी से जुड़ रहा है। ऐसे में उन गहरी सांस्कृतिक जड़ों पर प्रभाव पड़ सकता है जिनकी पैरवी दीनदयाल उपाध्याय ने की थी। भाजपा द्वारा विशिष्ट 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' के विकास पर भी अनेक आलोचक सवाल उठाते हैं। उनका कहना है कि इससे दीनदयाल उपाध्याय के 'समावेशी दृष्टिकोण' से ध्यान हट सकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के समक्ष नैतिक प्रशासन को बढ़ावा देने तथा शासन-प्रशासन से भ्रष्टाचार समाप्त करने की कठिन चुनौती है। दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन में नैतिक प्रशासन पर जोर दिया गया था जिसके प्रमुख तत्व निष्ठा, ईमानदारी तथा जनता की सेवा है। हालांकि, पिछले दशक में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार तथा भाजपा व राजग की राज्य सरकारों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आक्रामक अभियान छेड़ा है और मोदी समेत सभी भाजपा नेता स्वयं को 'स्वच्छ प्रशासन' का पैरोकार मानते हैं। लेकिन इसके बावजूद आलोचकों तथा विपक्षी दलों ने पार्टी पर भ्रष्टाचार, दरबारी पूंजीवाद तथा बड़े निगमों का पक्ष लेने के आरोप लगाए हैं। ऐसे आरोप मुख्यत: भूमि अधिग्रहण नीतियों तथा निजीकरण के बारे में हैं। इनसे दीनदयाल उपाध्याय के नैतिक आदर्शों के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता पर भी आलोचक सवाल उठा रहे हैं। हालांकि, विपक्ष भाजपा के खिलाफ ऐसे आरोपों को अदालतों में पुष्ट नहीं कर सका है।

भाजपा के समक्ष समावेशी समाज बनाने की चुनौती भी है। भारतीय जनसंघ के संस्थापक दीनदयाल उपाध्याय ने समावेशी समाज बनाने की पैरवी की थी जिसका अर्थ सभी समुदायों की आवश्यकतायें पूरी करना तथा सामाजिक व धार्मिक विभाजनों से ऊपर उठ कर सामंजस्य व सद्भावना सुनिश्चित करना है। भाजपा का दावा है कि उसने अपनी विभिन्न विकास योजनाओं में सामाजिक व धार्मिक विभाजनों पर ध्यान नहीं दिया है, पर आलोचकों का आरोप है कि भाजपा विभाजनकारी नीतियां, खासकर धार्मिक आधार पर अपना रही है। हिंदुत्व-संचालित नीतियों तथा समावेशन व सामाजिक सामंजस्य के विचारों के बीच संतुलन बैठाना भाजपा के लिए एक प्रमुख चुनौती बना हुआ है। इसका संबंध कथनी और करनी में अंतर से भी है।

दीनदयाल उपाध्याय का सर्वाधिक महत्वपूर्ण सिद्धान्त 'अंत्योदय', यानी समाज के अंतिम व्यक्ति की प्रगति था। अंत्योदय का उद्देश्य समाज के सर्वाधिक हाशियाकृत की प्रगति सुनिश्चित करना है। भाजपा ने अपनी कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से इस क्षेत्र पर सर्वाधिक ध्यान दिया है। 'पीएम उज्जवला योजना' से ग्रामीण परिवारों को एलपीजी, 'पीएम आवास योजना' से गरीबों को सस्ते मकान तथा 'स्वच्छ भारत अभियान' से सफाई में सुधार के काम किए गए हैं। भाजपा ने अनेक अभियानों के माध्यम से दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों को आगे बढ़ाने का काम किया है जिनमें विश्व स्तर पर 'योग दिवस' मनाना, भारतीय भाषाओं का विकास तथा भारत की ऐतिहासिक उपलब्धियों को उजागर करना शामिल है। दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन में 'राजनीतिक विकेन्द्रीकरण' का महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। इसका उद्देश्य प्रशासन को लोगों के निकट लाना सुनिश्चित करना है। भाजपा ने 'सहयोगी संघवाद', जीएसटी तथा नीति आयोग के गठन जैसे कदम इस दिशा में उठाए हैं। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी तथा जनधन योजना ने नागरिकों का सशक्तीकरण सुनिश्चित करने के लिए बिचौलियों को हटाया है। इससे सब्सिडी तथा कल्याणकारी योजनायें सीधे लोगों तक पहुंची हैं।

कोविड-19 वैश्विक महामारी के समय शुरू की गई 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के माध्यम से दीनदयाल उपाध्याय के आत्मनिर्भरता सिद्धान्त पर जोर दिया गया है। इसके माध्यम से स्थानीय विनिर्माण तथा घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ ही विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता घटाने के प्रयास किए गए हैं। इस प्रकार 'मेक इन इंडिया' पहल दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन के अनुरूप है। इसके माध्यम से घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ ही रोजगार सृजन को बढ़ावा मिला है। लेकिन वर्तमान समय में आधुनिक अर्थव्यवस्था का वैश्वीकृत चरित्र है। इसे देखते हुए पूर्णत: ऐसी आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था बनाना बहुत कठिन तथा चुनौतीपूर्ण है जिसका विश्व अर्थव्यवस्था तथा दूसरे देशों से कोई संबंध न हो।

भारतीय जनसंघ के संस्थापक तथा महान भारतीय दार्शनिक दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन को जमीन पर उतारने का प्रयास जारी है। दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन को जमीन पर उतारने के प्रयास में सत्तारूढ़ भाजपा को अनेक सफलतायें मिली हैं, पर उसके समक्ष अनेक चुनौतियां भी हैं। हालांकि, भाजपा को राष्ट्रवाद, आत्मनिर्भरता तथा अंत्योदय को बढ़ावा देने में अनेक अभूतपूर्व व असाधारण उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं, पर उसे सच्चा आर्थिक विकेन्द्रीकरण लाने, शासन-प्रशासन को पूर्णत: नैतिक बनाने तथा सामाजिक सद्भावना को बढ़ावा देने में काफी बाधाओं का सामना भी करना पड़ रहा है। आधुनिक प्रशासन की जटिलतायें, वैश्विक आर्थिक एकीकरण तथा राजनीतिक रणनीतियां अक्सर भाजपा को दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन से थोड़ा विचलित करती हैं। लेकिन 'एकात्म मानववाद' के आदर्श पार्टी के समक्ष प्रकाश स्तंभ की तरह हैं जिससे वह दार्शनिक आदर्शों तथा समकालीन यथार्थ के बीच बेहतर संतुलन स्थापित कर बेहतर भारत बनाने का प्रयास कर रही है।

# वैश्विक व्यवस्था का पुनर्संतुलन

"इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते मिसाइल हमले पश्चिम एशिया में क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा हैं।"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



भारत के विस्तारित पड़ोस में बढ़ते हालात क्षेत्र की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा बन रहे हैं। हाल ही में इजरायल द्वारा हिजबुल्लाह के कई शीर्ष कमांडरों को मार गिराया जाना, खास तौर पर इसके शीर्ष नेता हसन नसरल्लाह की हत्या, और इजरायली क्षेत्र पर ईरानी मिसाइलों की बारिश से पश्चिम एशिया में संकट बढ़ने की संभावना है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्थिति की संवेदनशीलता को समझा और तुरंत अपने इजरायली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू को फोन किया।

भारतीय प्रधानमंत्री का इजरायल को संदेश था कि क्षेत्रीय तनाव को रोकना और सभी बंधकों की सुरक्षित रिहाई बेहद जरूरी है, आतंकवाद के किसी भी रूप और अभिव्यक्ति के लिए कोई जगह नहीं है और भारत शांति और स्थिरता की जल्द बहाली का समर्थन करने के लिए तैयार है। पिछले महीने न्यूयॉर्क में फ्यूचर समिट के दौरान प्रधानमंत्री ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात की थी। बैठक के बाद जारी एक प्रेस बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री ने इजरायल-फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत की समय-परीक्षित सैद्धांतिक स्थिति को दोहराया और युद्ध विराम, बंधकों की रिहाई और बातचीत और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल दो राष्ट्र समाधान ही क्षेत्र में स्थायी शांति और स्थिरता प्रदान कर सकता है।



यह याद करते हुए कि भारत फिलिस्तीन को मान्यता देने वाले पहले देशों में से एक था, उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की सदस्यता के लिए भारत के निरंतर समर्थन से अवगत कराया। जब भारतीय प्रधानमंत्री अमेरिका में कई वैश्विक नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक कर रहे थे, तब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के नवनियुक्त प्रमुख मुहम्मद यूनुस को पश्चिमी नेताओं से बहुत जरूरी प्रशंसा मिल रही थी। यूनुस ने अपनी अमेरिकी यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन, पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, अमेरिकी विदेश मंत्री, कनाडाई प्रधानमंत्री, यूरोपीय संघ के अध्यक्ष, विश्व बैंक और एडीबी के प्रमुखों से मुलाकात की। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के साथ असामान्य रूप से गर्मजोशी से मुलाकात की, जहां उन्होंने अपने द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने और क्षेत्रीय निकाय सार्क को पुनर्जीवित करने की इच्छा व्यक्त की। भारत के लिए, ये संबंध संभावित रूप से पाकिस्तान और चीन को बांग्लादेश के साथ इस नए-नए दोस्ताना संबंध का उपयोग भारत के खिलाफ अपने विध्वंसक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

लगभग उसी समय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने न्यूयॉर्क में एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट में अपने भाषण में वैश्विक व्यवस्था को फिर से संतुलित करने पर बात की। उन्होंने कहा, वैश्विक व्यवस्था को फिर से संतुलित करना, जिसकी शुरुआत संयुक्त राष्ट्र के 51 संस्थापक सदस्यों से हुई थी, जो पिछले आठ दशकों में चौगुनी हो गई है, जहां आपके पास न केवल दुनिया में अधिक स्वतंत्र देश हैं, बल्कि वैश्विक व्यवस्था के व्यक्तिगत सदस्यों का आर्थिक, राजनीतिक और यहां तक कि जनसांख्यिकीय भार भी स्थानांतरित हो गया है, एक ऐसे बिंदु पर स्थानांतरित हो गया है जहाँ हममें से कई लोग मानते हैं कि आज हम वास्तव में एक मोड़ पर हैं, मंत्री ने विकसित हो रही वैश्विक व्यवस्था को परिभाषित करने की कोशिश करते हुए एक ही संबोधन में बहुध्रुवीयता और बहुलवाद को सावधानी से लाया।

उन्होंने कहा, आज, हम वास्तव में एक वैश्विक परिदृश्य को देख रहे हैं जो बहुत अधिक क्षेत्रीय है, जो, जैसा कि मैंने कहा, उन देशों द्वारा अधिक विशेषता है जिनके अपने मजबूत हित हैं और जो उस हित को आगे बढ़ाने की क्षमता रखते हैं। और इसलिए हम दुनिया के संदर्भ में जो कुछ भी देखते हैं, वह वास्तव में यह है कि दुनिया की अभिसरण की राजनीति वास्तव में कैसे होती है। और एक तीसरा शब्द जो मेरे दिमाग में आता है वह है बहुपक्षीयता। यह एक बहुत ही भद्दा शब्द है, लेकिन यह एक तरह से द्विपक्षीय संबंधों से परे एक ऐसी दुनिया का वर्णन करता है, जो बहुपक्षीय से कम है।

वह जहां देश इन अभिसरण और ओवरलैप के आधार पर संयोजन बनाते हैं, जिनके बारे में मैंने बात की है। और आपके पास वास्तव में देशों के समूहों की यह घटना है जो अक्सर एक सीमित एजेंडे के लिए एक साथ आते हैं, कभी-कभी अपने हितों को आगे बढ़ाने के लिए एक सहमत थिएटर में।

हाल की वैश्विक घटनाएं और इनमें से कई पर भारत का मापा हुआ रुख वही दर्शाता है जिसके बारे में विदेश मंत्री ने न्यूयॉर्क में बात की थी, और एक पुनर्संतुलन चल रहा है।

# भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (बीएनएसएस) की धारा 183 में आशाजनक परिवर्तन

**अंजिनेश अंजय शुक्ला**
(अधिवक्ता, उच्च न्यायालय)

**बीएनएसएस** की धारा 183 में अभिव्यक्ति जिला मजिस्ट्रेट एक स्वागत योग्य बदलाव है। सीआरपीसी की धारा 164 जिले के किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट को स्वीकारोक्ति और बयान दर्ज करने का अधिकार नहीं देती है। इसलिए, यह भी तर्क दिया जा सकता है कि तमिलनाडु का एक न्यायिक मजिस्ट्रेट नई दिल्ली में किए गए अपराध में शामिल आरोपी का कबूलनामा रिकॉर्ड कर सकता है। अब ऐसी व्याख्या संभव नहीं होगी। लेकिन बीएनएसएस की धारा 183 के तहत मजिस्ट्रेट उस जिले का मजिस्ट्रेट नहीं है जिसमें अपराध किया गया था, बल्कि उस जिले का मजिस्ट्रेट है जिसमें एफआईआर दर्ज की गई है। बीएनएसएस की धारा 173 (1) के अनुसार एफआईआर को उस पुलिस स्टेशन में दर्ज करना आवश्यक नहीं है जिसकी स्थानीय सीमा के भीतर अपराध हुआ था। उक्त धारा कहती है कि एफआईआर किसी भी पुलिस स्टेशन में दी जा सकती है और दर्ज की जा सकती है, भले ही अपराध किसी भी क्षेत्र में हुआ हो। यह फिर से उस उद्देश्य को विफल कर देता है जिसके लिए जिले के किसी भी मजिस्ट्रेट को बीएनएसएस की धारा 183 के तहत अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करने का अधिकार दिया गया है। उदाहरण के लिए, यदि अपराध छत्तीसगढ़ में किया गया था, लेकिन एफआईआर मध्य प्रदेश राज्य के सागर जिले के एक पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई थी, तो अकेले सागर जिले का कोई भी मजिस्ट्रेट धारा के तहत स्वीकारोक्ति या बयान दर्ज कर सकता है। बीएनएसएस के 183 बीएनएसएस की धारा 183 में जिले के मजिस्ट्रेट की प्रशंसनीय प्रविष्टि को उक्त मजिस्ट्रेट की परिचालन सीमा को सीमित करके निरर्थक बना दिया गया है। दरअसल, बीएनएसएस की धारा 183 के तहत मजिस्ट्रेट को उस जिले का न्यायिक मजिस्ट्रेट होना चाहिए था जिसमें अपराध किया गया था। (सी) बीएनएसएस की धारा 183 की उपधारा (1) से (5) सीआरपीसी की धारा 164 की उपधारा (1) से (5) के समान हैं। सीआरपीसी की धारा 164 के खंड (ए) और (बी) सहित धारा (5.ए) को बीएनएसएस की धारा 183 की उप-धारा (6) के रूप में कुछ बदलावों के साथ पुनः प्रस्तुत किया गया है। बीएनएसएस की धारा 183 (6) (ए) का पहला प्रावधान एक नया प्रावधान है जो कुछ हद तक सीआरपीसी की धारा 154 (1) के पहले प्रावधान के अनुरूप है। जबकि धारा 154 (1) सीआरपीसी का पहला प्रावधान इस बात पर जोर देता है कि इसमें निर्दिष्ट यौन अपराधों की पीड़ित महिला की एफआईआर एक महिला पुलिस अधिकारी या एक महिला द्वारा दर्ज की जाएगी, उप-धारा (6) का पहला प्रावधान ( ए) बीएनएसएस की धारा 183 में कहा गया है कि जैसे ही धारा में निर्दिष्ट कोई भी यौन अपराध किया जाता है, पीड़िता का बयान, जितनी जल्दी संभव हो, एक महिला मजिस्ट्रेट या एक पुरुष मजिस्ट्रेट द्वारा दर्ज किया जाएगा। एक महिला की उपस्थिति। यह एक स्वागत योग्य प्रावधान है जिसे संभवतः कर्नाटक राज्य, नॉनविनकेरे पुलिस बनाम शिवन्ना उर्फ तरकारी शिवन्ना (2014) 8 एससीसी 913 (डी) के खंड (ए) के दूसरे प्रावधान के पैरा 9 में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में शामिल किया गया है। धारा 183 की उपधारा (6) को पढ़ना दिलचस्प है। यदि अपराध 10 साल या उससे अधिक के कारावास या आजीवन कारावास या मौत से दंडनीय है, तो मजिस्ट्रेट को पुलिस द्वारा उसके सामने लाए गए गवाह का बयान दर्ज करना चाहिए। (यहां फिर से किसी पुलिस अधिकारी द्वारा नहीं)। ऐसा प्रतीत होता है कि बीएनएसएस के निर्माता किसी पीड़ित या गवाह के बयान की रिकॉर्डिंग के लिए पूर्व-आवश्यकता के बारे में अनभिज्ञ थे। किसी आरोपी के कबूलनामे की रिकॉर्डिंग के मामले के विपरीत, किसी पीड़ित या गवाह का बयान, अन्यथा भी केवल तभी दर्ज किया जा सकता है जब वह पुलिस द्वारा प्रायोजित हो और वह चाहे जो भी हो। अपराध के लिए निर्धारित सज़ा. (जोगेंद्र नाहक बनाम उड़ीसा राज्य (2000) के पैरा 12, 19 और 22 के अनुसार 1 एससीसी 272 - अजय कुमार परमार बनाम राजस्थान राज्य (2012) 12 एससीसी 406 के पैरा 5 से 7 इस प्रकार, निर्धारित सजा के बावजूद, यदि किसी गवाह या पीड़ित का बयान बीएनएसएस की धारा 183 (5) के तहत दर्ज किया जाना है, तो ऐसे गवाह या पीड़ित को पुलिस द्वारा मजिस्ट्रेट से रिकॉर्ड करने का अनुरोध किए बिना प्रायोजित किया जाना चाहिए ऐसे व्यक्ति का बयान, गवाह या पीड़ित (किसी अभियुक्त के मामले के विपरीत जो अपना बयान दर्ज करवाना चाहता है) सीधे मजिस्ट्रेट के पास जाकर बीएनएसएस की धारा 183 (5) के तहत अपना बयान दर्ज करने का अनुरोध नहीं कर सकता है।

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# बेमेतरा जिला बनेगा एथेनाल हब, पलायन पर लगेगी रोक

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



आवश्यकता अविष्कार की जननी होती है परिणाम समय की मांग वर्तमान समय में ऊर्जा ही नहीं बल्कि मेडिसीन से लेकर सौंदर्य सामाग्रियों समेत अन्य क्षेत्रों में एथेनाल की सर्वाधिक मांग है। भारत भी इससे अछूता नहीं देश में मात्र 400 प्लान्ट से एथेनाल का उत्पादन हो रहा है। जरूरतों के हिसाब से एथेनाल का उत्पादन मात्र एक या दो प्रतिशत से अधिक नहीं है। जाहिर सी बात है हमारी सरकार भारी भरकम राशि खर्च कर विदेशों से आयात कर जरूरतों को पूरा कर रही है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जैव ईंधन अनुसंधान के डाक्टर विजय बाजपेई एवं डाक्टर राग रंजन ने बताया कि समय की मांग को भांपते हुए भारत सरकार ने जहां तहां एथेनाल उत्पादन की नई क्रांति पैदा करने का प्रयास किया और प्रयास अब सफल होता दिखाई दे रहा है। देश के अन्य भागों के साथ छत्तीसगढ़ भी ऐथेनाल उत्पादन क्रांति में देश के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार हो रहा है। प्रदेश सरकार के प्रयास से जहां तहां ऐथेनाल उत्पादन की नई ईकाइयां स्थापित की जा रही है। कुछ ने तो काम करना भी शुरू कर दिया है। सबसे बड़ी बात कि ऐथेनाल उत्पादन पर्यावरण सहयोगी भी है। लेकिन जैसा की होता है कि हमारे भोले भाले लोग कुछ लोगों के बहकावे में आकर सिर्फ विरोध करने के लिए विरोध करना शुरू कर देतें हैं। जब तक उन्हें सच्चाई की जानकारी मिलती है तब तक हम बहुत नुकसान कर चुके होते हैं।

## बेमेतरा जिला में प्रदेश का सर्वाधिक एथेनॉल प्लांट

जल्द ही ऐथेनाल उत्पादन में प्रदेश यानी छत्तीसगढ़ का नाम देश में गर्व से लिया जाएगा। प्रदेश के 33 जिलों में बेमेतरा पहला जिला होगा जहां से ऐथेनाल का सर्वाधिक उत्पादन होगा। बहरहाल ग्राम पंचायत पथर्रा में प्रदेश का तीसरा एथेनाल प्लान्ट दो एक दिन में शुरू हो जाएगा। जिले में ऐथेनाल के 11 प्लान्ट तैयार हो रहे हैं। दो एक प्लान्ट से दो एक दिन बाद उत्पादन कार्य शुरू हो जाएगा। इससे स्थानीय स्तर पर बेरोजगारी में कमी आएगी। धान का पैदावार बढ़ेगा, जाहिर सी बात है कि लोग समृद्ध होंगे। डॉक्टर बाजपेई एवं डॉक्टर राग रंजन का कहना है कि अन्य क्षेत्रों की तरह यहां भी देखने में आ रहा है कि जनसुनवाई समेत सारी शासकीय प्रक्रिया को हरी झण्डी मिलने के बाद भोले भाले ग्रामीणों की ताकत से अपनी रोटी सेकना शुरू कर दिये हैं। कभी एथेनाल उद्योग को पर्यावरण के खिलाफ तो कभी कृषि विरोधी बता रहे हैं। मजेदार बात है कि एथेनाल उद्योग ना तो पर्यावरण विरोधी है और ना ही कृषि उद्योग के खिलाफहैं। जबकि विरोध करने वाले भली भांति जानते है कि ऐथेनाल उत्पादन में प्रदूषण की कोई संभावना नहीं है।

## किसानों को दोहरा मुनाफा

जैव ईंधन अनुसंधान संस्थान के डाक्टर विजय बाजपेई एवं डॉक्टर राग रंजन ने कहा है कि ऐथेनाल उत्पादन में धान का बहुत ही महत्व है। जग जाहिर है कि छत्तीसगढ़ देश में सर्वाधिक धान उत्पादन करने वाले राज्यों में शामिल है। यही कारण है कि बेमेतरा समेत छत्तीसगढ़ में धान आधारित ऐथेनाल प्लान्ट तेजी से तैयार हो रहे हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए आने वाले समय में किसान अब ज्यादा से ज्यादा धान का उत्पादन करेंगे। धान का सर्वाधिक उत्पादन का मतलब ज्यादा से ज्यादा समर्थन मूल्य का मिलना है साथ ही ऊंची कीमत में फैक्ट्री तक पैराली का पहुंचना है। बुद्धिजीवियों का मानना है कि इसे हम आम का आम और गुठलियों का दाम कहें तो गलत नहीं होगा। किसान एक तरफसे प्रति क्विटंल 3100 रुपये में धान बेचेगा। अब पैराली को जलाने की बजाय फैक्ट्री को ऊंची कीमत में बेचेगा। निश्चित रूप से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। ग्राम पंचायत पथर्रा स्थित प्लान्ट प्रबंधन ने एलान भी कर दिया है कि किसानों को पैराली लेकर फैक्ट्री की जरूरत ही नहीं होगी। घर पहुंचकर भुगतान कर पैराली को फैक्ट्री लाएगा।

## बेमेतरा बनेगा एथेनाल हब

इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर बेमेतरा में सर्वाधिक 11 प्लान्ट स्थापित करने का सरकार फैसला किया। इस संबंध में जैव ईंधन अनुसंधान संस्थान के डाक्टरों का कहना है कि हम जानते है कि उद्योग वहीं स्थापित होता है जहां कच्ची सामाग्री और मैन्स पावर अधिक होता है। बेमेतरा कृषि आधारित जिला है। यहां कुशल अकुशल श्रमिकों की बाढ़ है। जाहिर सी बात है कि जिले के पथर्रा ग्राम पंचायत में स्थापित ऐथेनाल प्लान्ट चालू होने से किसानों को ही नहीं..बल्कि युवाओं को भी होगा। धान का उत्पादन बढ़ेगा, किसानों को दोहरा फायदा होगा। घर के बच्चे प्लान्ट में नौकरी करेंगे। पथर्रा स्थित प्लान्ट में इस समय तीन दर्जन से अधिक कुशल और अकुशल श्रमिकों ने काम करना शुरू कर दिया है। कम्पनी प्रबंधन के अनुसार अभी सैकड़ों लोगों की भर्ती किया जाना है। यह काम प्लान्ट शुरू होते ही चालू हो जाएगा।

## पराली से ज्यादा पौष्टिक चारा

नरेन्द्र भूषण शर्मा कृषि वैज्ञानिक रायपुर ने बताया कि छत्तीसढ कृषि प्रधान राज्य है। यहां की मिट्टी और वातावरण धान उत्पादन के अनुकूल है। जाहिर सी बात है कि यहां की मुख्य फसल धान ही है। धान एथेनाल उत्पादन का सबसे अच्छा श्रोत है। एथेलान चावल, मक्का धान और अन्य स्टार्च वाली फसलों से तैयार किया जाता है। वैज्ञानिक प्रक्रिया के बाद स्टार्च से ऐथेनाल तैयार किया जाता है। ऐथेनाल उत्पादन की सबसे बड़ी विशेषता कि इसके अपशिष्ट से पशुओं का आहार भी तैयार होता है। धान की पैराली से कहीं ज्यादा पौष्टिक और लाभदायक होता है। मतलब ऐथेनाल निर्माण के दौरान अपशिष्ट निकलता ही नहीं। यहां तक कि गंदा पानी भी उपयोग हो जाता है। जैसा की हम जानते हैं कि उद्योग से निकलने वाला पानी खेती किसानी के लिए बहुत ही नुकसान दायक होता है। लेकिन ऐथेनाल प्लान्ट से पानी निकलेगा का सवाल ही नहीं है। तो खेती को नुकसान पहुंचने की बात बहुत दूर है।

## पलायन पर रोक, रोजगार को बढ़ावा

सभी हाथों को काम मिले ऐसा सिर्फउद्योग को बढ़ावा देने पर ही संभव है। इस बात को सरकार समझती है। भारत समेत छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी का दर तेजी से बढ़ रहा है। लोग काम धाम के लिए पलायन करने को मजबूर हैं। उद्योग सरकार ने पलायन और बेरोजगारी को देखते हुए ही नई उद्योगनीति को तैयार किया। लेकिन इस बात को ध्यान भी रखा है कि स्थापित होने वाले उद्योग ना केवल अधिक रोजगार देने वाले हो। बल्कि पर्यावरण के अनकुल भी हों।

## प्रदूषण का सवाल ही नहीं : भूषण शर्मा

रायपुर निवासी कृषि वैज्ञानिक नरेन्द्र भूषण शर्मा ने बताया कि पथर्रा में स्थापित एथेनाल प्लान्ट क्षेत्र के लिए बहुत ही लाभदायक है। खासकर इसका फायदा पर्यावरण संरक्षण को मिलेगा। लोग अब पैराली नहीं जलाएंगे। पैराली में सिलिका की बहुत मात्रा होती है। आग के सम्पर्क में आने के बाद सिलिका प्रदूषण के साथ कैंसर का कारण बनता है। कंडेनसेट पालिसी के तहत प्लान्ट में उपयोग किए गए पानी को शुद्ध किया जाता है। प्रक्रिया को बार बार दुहराकर पानी का उपयोग प्लान्ट में ही किया जाएगा। जाहिर सी बात है कि जल प्रदूषण का भी खतरा नहीं है। वायु प्रदूषण भी नहीं। मिट्टी प्रदूषण का सवाल ही नहीं है।

## करोड़ो डॉलर की बचत

एथेनाल का सर्वाधिक उपयोग ईंधन में किया जाता है। देश में पर्याप्त उत्पादन नहीं होने से भारत सरकार करोड़ों डालर खर्च कर विदेशों से कच्चा तेल खरीदती है। यदि देश में एथेनाल का प्लान्ट लगाकर व्यापक स्तर पर उत्पादन किया जाए तो देश का मुद्रा भण्डार मजबूत होगा और छत्तीसगढ़ राज्य सरकार यही कर रही है। इसमें एक प्रयास बेमेतरा जिले के ग्राम पथर्रा स्थित एथेनाल प्लान्ट उत्पादन के लिए पूरी तरह से तैयार है।

# राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों ने छोड़ी कांग्रेस,जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने दिलाई भाजपा की सदस्यता

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत नवलपुर, ढारा के राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों ने सामूहिक रूप से कॉग्रेस छोड़कर जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी और डॉ सौरभ निर्वाणी के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की डिजिटल सदस्ता ग्रहण करते हुए जिले के मंत्री दयाल दास बघेल के कार्य शैली से प्रभावित होने की बात कही, सुजीत यादव और उनके साथियों को डिजिटल सदस्यता के उपरांत जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने भगवा गमछा ओढ़ाकर भाजपा के रीति नीति के अनुरूप संगठन के निर्देशों का पालन करते हुए समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्तियो के लिए कल्याण कारी नीतियों को पहुचाने की शपथ भी दिलाई, इस दौरान अखिल भारतीय छत्तीसगढी महासभा के सयोंजक डॉ सौरभ निर्वाणी के साथ, कृषि समिति के सभपति लाला भारती, भाजपा नेता बल्लू साहू, कैलाश टंडन, केशव आडिल भी उपस्थित रहे, कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालो में मनीष वर्मा, तोरण वर्मा, सुजीत यादव, रोशन वर्मा, विकास ध्रुव, संतोष ध्रुव, अरुण ध्रुव, उमेश साहू, कमल साहू, इंदल चतुर्वेदी, नयन बंजारे प्रमुख है, सुजीत यादव ने कहा कि किसानों को पीएम सम्मान निधि मिल रही है, हमारी माताओ को महतारी वंदन के तहत प्रतिमाह हजार रुपये सीधे खाते में आ रहे हैं, ग्रामीण अंचल में भाजपा के नीतियों का व्यापक समर्थन और खुशियां है, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने दावा किया है कि बड़ी संख्या में जिले भर से राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य भाजपा की सदस्ता लेने के लिये उनसे संपर्क में हैं।

# पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू सपरिवार पहुंचे मां बमलेश्वरी के दरबार, दर्शन कर लिया आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com



नवरात्रि के दूसरे दिन प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू सपरिवार राजनांदगांव जिले के धर्म नगरी डोंगरगढ पहुंचे। जहा उन्होंने विश्व प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी देवी की विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। वही डोंगरगढ में मीडिया से बात करते हुए पूर्व मंत्री ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब से छत्तीसगढ़ में बनी हैं। तब से कानून व्यवस्था बद से भी बदत्तर होते जा गई है। सोशल मीडिया के माध्यम से जो जानकारी मिलती हैं उसके अनुसार घटनाक्रम जितना तेजी से हो रहा है उसका मुकाबला नहीं किया जा सकता। प्रदेश सरकार के 9 माह के कार्यकाल में चाकूबाजी, चोरी, बलात्कार, नक्सली घटना बढ़ते क्रम में हैं। पिछली सरकार जब हमारी थी तो शुरू के 9 माह का आंकड़ा आप निकाल ले, सामने नज़र आ जाएगा। सेन्ट्रल की एजेन्सी से आंकड़ा निकाल ले ऐसा कोई दिन नही हैं जिसमें सामूहिक बलात्कार या अन्य घटनाएं ना हो रही हो। लॉ एन ऑर्डर की स्थिति बहुत ख़राब हैं। आम जनता त्रस्त हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 6 दिन का पैदल न्याय यात्रा निकाले हैं। 2अक्टूबर को रायपुर पहुंचे हैं प्रदेश सरकार को जगाने के लिए ये यात्रा निकाले थे। जो काफी हद तक सफल रहा। बहुत लोग इसमें शामिल रहे और जनता का भी आशीर्वाद हमें मिला हैं। प्रदेश में जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी हैं और इन्होंने नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम के महापौर की चेक पॉवर खत्म कर दी और चेक पॉवर अधिकारियों के हाथ में दे दी। अब कांग्रेसी वार्डो में विकास कार्य रुक गया है। अपने पार्टी के वार्डो में विकास कार्यो को करा रहे। कांग्रेसी वार्डों में भी तो जनता रहती हैं। उनके साथ ऐसा क्यों कर रहे हैं जिसका परिणाम यह देखने को मिल रहा है की कांग्रेसी पार्षद व भाजापा पार्षदों के बीच लड़ाई झगड़ा सामने नज़र आ रहा है।

# सेलूद में लगातार चोरी की घटना से ग्रामीणों में रोष

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

ग्राम सेलूद के बजरंग चौक में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा बजरंग चौक सेलूद स्थित हनुमान मंदिर राइस मिल, भोलेनाथ का मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर व प्रवीण जोशी के दुकान में चोरी किया है। जिसमे मंदिरो से फुलकांस की थाली, कलश, आरती करने का पंचदीप, शंकर का नाग, पीतल का छोटे लडडू गोपाल, दान पेटी से पैसे व प्रवीण जोशी के दुकान से बहुत सारा समान चोरी करके ले गए है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सेलूद के खदान व्यवसायी रवि बघेल के बाड़ी से अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर टीवी सहित अन्य समान की चोरी कर ली है। यह स्थल दूर्ग से पाटन मुख्य मार्ग जैसे चहल पहल वाला स्थल है। यहां पर रात्रि में भी लोगो की आवाजाही 24 घण्टे बनी रहती है। समय समय पर उतई पुलिस भी गश्त करती है। लेकिन इस प्रकार की एक दिन में ही दर्जन भर से अधिक दुकानों तथा घरों में चोरी की घटना से उतई पुलिस भी स्तब्ध है। चोरी की घटना से ग्रामीण व व्यवसायी बहुत परेशान तथा पुलिस के प्रति रोष व्याप्त है।

# बैकलेस डे और मेगा बैठक में बच्चों के द्वारा रास गरबा की सुंदर प्रस्तुति



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला राखी विकासखंड साजा में पालक शिक्षक द्वितीय मेगा बैठक संपन्न हुआ। जिसमें पालकों से बच्चों के त्रैमासिक आकलन पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही कक्षा में सबसे अधिक अंक लाने वाले 6वी से तीरथ और मीनाक्षी, 7वी से विशंभर और अंजली और कक्षा 8वी के रश्मि और सुधा को ईनाम स्वरूप पेन दिया गया। जिससे बच्चे प्रोत्साहित होते रहे। साथ ही बच्चों के स्तर पर चर्चा हुई।अपार आईडी के बारे में विस्तृत जानकारी पालकों को दी गई। साथ ही बस्ताविहीन शनिवार के अन्तर्गत नवरात्री में देवी मां के नौ रूपों के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों के द्वारा बहुत सुंदर और मनमोहक गरबा नृत्य की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर प्रधान पाठिका गायत्री जोगी, शिक्षिका सरोज साहू, नीलम देवांगन, कमलेश्वरी साहू की सहभागिता रही। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश टंडन, सुनील साहू, मनोहर खरे, संतूराम, मंजू, रामेश्वरी, दूरपति, दुलारी, सुरेश साहू आदि उपस्थित रहे।

# लौह अयस्क समूह दल्ली राजहरा के खदान क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के तहत किया गया श्रमदान



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भारत सरकार द्वारा 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2024 तक पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाने का आह्वान किया गया है, इस कड़ी में लौह अयस्क समूह, दल्ली राजहरा के खदान क्षेत्र, कार्यालयों एवं आस पास के क्षेत्रों में आर.बी. गहरवार, मुख्य महाप्रबंधक (माइंस) के मार्गदर्शन में योजना बनाकर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम में खदान प्रशिक्षण, सुरक्षा एवं पर्यावरण विभाग द्वारा कार्यालय, प्रशिक्षण कक्ष एवं परिसर में स्वच्छता हेतु श्रमदान किया गया। इस अभियान में एम.व्ही.टी.सेंटर स्टॉफ तथा प्रशिक्षण हेतु आए लगभग 60 नियमित एवं निविदा कर्मचारियों की सहभागिता रही। एम.व्ही.टी.सेंटर के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षुओं ने स्वच्छता शपथ लेकर इस महाभियान में उत्साहपूर्वक योगदान दिया। रजत कुमार बैनर्जी (सहायक महाप्रबंधक प्रशिक्षण एवं सुरक्षा), एके सार्वे (उप प्रबंधक पर्यावरण), धनराज साहू (कनिष्ठ प्रबंधक पर्यावरण), आरआर वर्मा, राजेश देवांगन, बीएल वर्मा, अजय नारायण मिश्रा, दीपक भुआल, शेष साईं, श्रवण कुमार आदि ने कार्यक्रम में अपना योगदान दिया।

# मद्य निषेध सप्ताह जन जागरूकता पर केन्द्रित कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com




राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मद्यपान एवं अन्य मादक द्रव्यों/पदार्थों तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम हेतु समुदाय में व्यापक जनमत विकसित करने के उद्देश्य से शासन के आदेशानुसार 02 अक्टूबर से 08, 2024 तक मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन विद्यालय स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुम्हारी में प्रारंभ किया गया। इस क्रम में अबतक नशामुक्ति कार्यक्रम अंतर्गत छात्रों एवं पालकों में जनजागरूकता, पर केन्द्रित कार्यक्रम 03/10/2024 को छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा नशा मुक्ति शपथ लिया गया एवं नशा मुक्ति संकल्प का वाचन किया गया। जिसमें पालिका अंतर्गत सांसद प्रति निधि सुजीत यादव एवं सदस्य रामकुमार सोनी, अवधेश शुक्ला, प्राचार्या लता रघु कुमार तथा समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। शाला परिसर में नशा मुक्ति स्लोगन का दीवार लेखन किया गया। नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के छात्रों राहुल यादव, अजय पटेल, राजीव साहू एवम साथियों ने भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें क्षमा दुबे प्रथम, प्रीती देवांगन द्वितीय एवं गीतिका निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार स्कूल परिसर में रंगोली प्रतियोगिता में एकता सोना ने प्रथम एवं गूंजा डहरिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में देवकी सिन्हा प्रथम और सुमन पटेल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नशा मुक्ति थीम पर स्कूल के प्रवेश द्वार पर सेल्फी पॉइंट स्थापित किया गया। प्रश्न-उत्तर मॉडल प्रतियोगिता, कविता प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता एवं नशा मुक्ति जागरूकता संदेश हेतु नगर में रैली का आयोजन किया गया। नशा पीड़ित व्यक्तियों से प्रत्यक्ष संवाद कर दुष्परिणामों की जानकारी दी गई।

## निर्वाचक नामावली के मुद्रण हेतु निविदाएं आमंत्रित

**दल्लीराजहरा।** जिले में नगरपालिकाओं एवं पंचायतों के आगामी आम चुनावों के लिए नगरपालिकाओं एवं पंचायतों की वार्डवार तैयार की गई निर्वाचक नामावली के मुद्रण हेतु मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की गई है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि निविदा फार्म उप जिला निर्वाचन कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि निर्धारित फार्म में भरी निविदाएं 09 अक्टूबर 2024 तक दोपहर 03 बजे तक प्राप्त की जाएंगी और उसी दिन शाम 04 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय उप जिला निर्वाचन अधिकारी से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

# ग्राम अमोरा जेवरी बीजाभाट में शारदीय नवरात्र में देवी दर्शन करने पहुंचे पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर बेमेतरा विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत जेवरी, अमोरा एवं बीजाभाट में विभिन्न स्थानों पर विराजमान माता दुर्गा देवी जी के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किए। साथ ही बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के जनता के लिए की मंगल कामना की प्रार्थना के साथ ही सेवा मंडली भजन के माध्यम से ग्राम वासियों के बीच में बैठकर देवी जस गीत का रसपान किया और माता रानी से पूरे क्षेत्रवासियों के लिए खुशहाली की कामना की। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा अपने विधायक कार्यकाल में भी इसी तरह नवरात्र के अवसर पर बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में विराजित मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों के मंदिरों में जाकर आशीर्वाद लेते रहे हैं तथा विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए मंगल कामनाएं करते रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने ग्राम अमोरा देवी एवं विजय भारत में माता के दर्शन का लाभ लिया। इस अवसर पर उपस्थित मोहित वर्मा पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति द्वारका प्रसाद पांडे सुखराम वर्मा महानंद यादव देवशरण गोसाई हेम कुमार योगेश साहू राजकुमार यादव यश साहू देवचरण साहू चेतन महाराज चोवाराम साहू वरिष्ठ जन सेवा समिति के सभी सदस्य गण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# शिक्षक पालक मेगा बैठक का आयोजन हुआ

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में शिक्षक पालक विद्यार्थी मेगा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम प्राचार्य मैडम कविता बाचपेयी द्वारा बैठक का औचित्य बताते हुए विद्यालय की छात्राओं को मिलने वाली विभिन्न योजनाओं, गतिविधियों, उपलब्धियों एवम् समस्याओं से पालकों को अवगत कराया। व्याख्याता एस.एन. अली ने आपार आई डी के बारे में विस्तार से बताया। डी. आर. साहू ने एफए-2 परीक्षा परिणाम से पालकों को अवगत कराया। पालकों में नारायण प्रसाद साहू ने विद्यालय की गतिविधियों में पालकों का पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में यशवंत कुमार बांधे एवं डोंडे ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन योगेन्द्र वर्मा व्याख्याता ने एवं आभार प्रदर्शन संतोष मिश्रा ने किया। बैठक में हिरेंद्र साहू, सावित्री शर्मा, ज्योति परमार, कौशल वर्मा, प्रवीण मनहरे आदि शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित थे।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल काम्पलेक्स में 29 दुकानों की हुई नीलामी

## नपाध्यक्ष मनहरण कौशिक ने कहा-नगर पालिका राजस्व में होगी वृद्धि

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद कवर्धा स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल व्यवसायिक परिसर में निर्मित भूतल-प्रथमतल 37 दुकानों की नीलामी प्रक्रिया सुबह 11 बजे प्रारंभ हुई। जो देर शाम तक पुरी हुई। सरदार वल्लभ भाई पटेल व्यवसायिक परिसर निर्माण की नीलामी सुबह 11 बजे से नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, नपा उपाध्यक्ष जमील खान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू, सभापतिगण रिंकेश वैष्णव, उमंग पाण्डेय, चुनुवा खान, प्रमोद शर्मा, पवन जायसवाल, सुनील साहू, प्रमोद लुनिया, पार्षद प्रतिनिधि संतोष नामदेव, कपिल जायसवाल, हिरेश चतुर्वेदी सहित अन्य उपस्थित पदाधिकारियों की उपस्थित में कार्यवाही शुरू हुई। नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल व्यवसायिक परिसर की दुकानें वर्षो से निर्मित है तथा खण्डहर में तब्दील हो रहा था पूर्ववर्ती सरकार के नीलामी को लेकर कोई रूचि नही दिखाई। जिसके कारण नगर पालिका को वित्तीय नुकसान उठाना पड़ रहा था छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार दुकानो की आम नीलामी सूचना जारी की गई है जिसके आधार पर निर्धारित तिथि व समयावधि में अमानत राशि जमा कराया जाकर दिनांक 04 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से नीलामी कार्यवाही पूर्ण की गई है।



### 29 दुकानों की हुई नीलामी

नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने बताया कि दुकानों की नीलामी कार्यवाही पूर्ण किया जा चुका है जल्द ही अब दरों का अनुमोदन कर स्वीकृति प्रदान की जायेगी। उन्होनें बताया कि आरक्षण अनुसार भूतल में 12 दुकान व प्रथम तल में 25 दुकानों की नीलामी कार्यवाही किये जाने हेतू सूचना जारी किया गया था जिसमें से कुल 29 दुकानों की नीलामी कार्यवाही पूर्ण किया गया है जिससे नगर पालिका परिषद कवर्धा को लगभग 2 करोड़ 53 लाख रू. की राजस्व आय होगी। अब जल्दी ही उच्चतम दर की स्वीकृति प्रदान करते हुए अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

# सेजस हसदा में हुआ भूगोल मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा के कक्षा ग्यारहवीं कला के छात्रों ने भूगोल मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया, जिसमें पृथ्वी के आंतरिक संरचना, दिन व रात का मॉडल, सोलर सिस्टम, ज्वालामुखी के प्रकार,चंद्र ग्रहण सूर्य ग्रहण के मॉडल का प्रदर्शन किया। स्कूल के भूगोल के व्याख्याता राकेश कुमार ने बताया कि सभी वर्किंग मॉडल थे। जिसमें छात्रों को समूह में विभाजित कर के इस मॉडल को बनाया गया था। प्राचार्य दुष्यंत परगनिहा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्रों में विषय के प्रति रुची बढ़ती है और वैज्ञानिक सोंच का विकास होता है। निर्णायकों ने सोलर सिस्टम के मॉडल को प्रथम व पृथ्वी के आंतरिक संरचना मॉडल को द्वितीय स्थान दिया व सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र वितरण किया। इस प्रर्दशनी में स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा कांग्रेस के एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक : दिलीप कौशिक

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के आहवान पर निकाली गई न्याय यात्रा कांग्रेस के एक नये युग की शुरआत का प्रतीक है। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप कौशिक ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि न्याय यात्रा की शुरुआत 27 सितम्बर को बाबा गुरू घासीदास की जन्म स्थली गिरोदपूरी से शुरू होकर 2 अक्टूबर रायपुर के मोतीबाग में महात्मा गाँधी के माल्यार्पण कर सफ्ल समापन हुआ। छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा गिरोदपुरी से मोतीबाग रायपुर तक कुल यात्रा की दूरी लगभग 125 km रही इस भादो -कवार के महीने में भीषण गर्मी में लगातार 6 दिनो तक चलकर कर अपने गंतव्य स्थान रायपुर में गांधी जयंती के दिन 2 अक्टूबर को मोतिबाग पहुँचे। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के आहवान पर छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट छत्तीसगढ़ नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव, छत्तीसगढ़ सह प्रभारी विजय जांगिड, एस संपथ, सहित छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा भाजपा सरकार के अन्याय और अहंकार के विरुद्ध 'न्याय की लड़ाई में प्रदेश की जनता सड़क पर उतर चुकी है भाजपा की नाकामयाबी से जनता त्रस्त है। कांग्रेस पार्टी ने जनता के बीच रहकर उनके सुख-दुःख में सदैव साथ दिया है, जनता यह बात भलीभांति समझती है। छत्तीसगढ़ को अपराधगढ़ बनाने वाले एवम आम जन मानस का भरोसा तोड़ने वाली सरकार हमें नहीं चाहिए बढ़ रही अपराध की मात्रा-उसे रोकने आ गई है छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा गिरोधपुरी मे सतनाम समाज को उदवेलित किया और उस मामले मे बलौदा बाजार मे फर्ज़ी मामला बनाकर एक विधायक देवेंद्र यादव को जबरन गिरफ्तार किया। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार तानाशाही शासन चला रही है। ऐसे हत्या, बलात्कार, लूट मार वाली वाली सरकार को जड़ से उखाड़ फेकना है। विष्णुदेव आँख बंद करने से सच नहीं छुपा सकता, जब से भाजपा सरकार सत्ता में आई है लगातार अपराध बढ़ रहे हैं । भाजपा नेता स्व संतोष पटेल ने शराब माफियाओं की शिकायत पुलिस में की थी अपने नेताओं से की थी जिसके बाद उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया जिसके चलते उन्होंने आत्महत्या कर ली. एक भाजपा नेता के परिवार की वेदना भी विष्णुदेव सरकार नहीं सुन रही।प्रदेश कांग्रेस स्व संतोष पटेल के परिवार के साथ खड़ा है।कवर्धा लोहारीडीह कांड में पीड़ित लोगो के परिजन छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में शामिल होने पहुंचे और यात्रा को अपना समर्थन दिया।कवर्धा मामले में पुलिस विभाग और गृहमंत्री की भूमिका संदिग्ध रही है, उसके बावजूद अब तक शासन ने कोई ठोस कार्यवाही नहीं की। जबकि पुलिसिया अत्याचार के चलते स्व प्रशांत साहू की मौत हुई और आज भी निर्दोष ग्रामीणों को टारगेट किया जा रहा है कई लोगों को जेल में प्रताड़ित किया जा रहा है। न्याय की यह लड़ाई उन सभी पीड़ितों को ही समर्पित है जो भाजपा के तानाशाही सरकार का शिकार बने हैं।न्याय यात्रा के दौरान जन-जन के जुबान पर एक ही बात थी कि आज अगर चुनाव हो जाए तो भाजपा 10 सीटों पर सिमट जाएगी। प्रदेश की सामाजिक समरसता और राज्य में पुनः शांति इस्थापित करने के लिए आइए हम साथ मिल कर छत्तीसगढ़ में भाजपा के अंत की शुरुवात करते हैं।छत्तीसगढ़ की जनता भाजपा सरकार की हिटलरशाही को खत्म करने के लिए अब तैयार है। महिलाओं के साथ अत्याचार, युवाओं को बेरोजगारी भत्ता बंद कर ठगा जाना, महंगाई, बेरोजगारी इन सभी को हटाना है इसलिए जरुरी है छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा।

# विकासखंड शिक्षा अधिकारी राठौर ने किया स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण

## प्रधान पाठक सहित शिक्षकों को अनुपस्थिति पर जारी हुआ कारण बताओं नोटिस





पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

जिले के कलेक्टर अमृत विकास टोपनो एवं जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार चंद्रा के दिशा निर्देशन में शक्ति जिले में शिक्षा की व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने की दिशा में शक्ति विकासखंड के शिक्षा अधिकारी के पी राठौर निरंतर स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण कर रहे हैं, इस दौरान राठौर ने शक्ति विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लवसरा, भुरसीडीह, पूर्व माध्यमिक शाला बेल्हाडीह का निरीक्षण किया, इस दौरान BEO साहब के निरीक्षण के दौरान प्रधान पाठक गेंदराम कुर्रे एवं शिक्षक भारती साहू, कार्तिक राम यादव,एवम संतोष कुमार को स्पष्टीकरण देने नोटिस जारी किया गया तथा बिना किसी पूर्व सूचना उपरोक्त समस्त शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। वहीं BEO राठौर ने इस दौरान कहा की शक्ति विकासखंड में स्कूलों के संस्था प्रमुखों एवं शिक्षकों की ऐसी लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी तथा शासन के निर्देशानुसार दिशा निर्देशों का संस्था प्रमुख ध्यान रखें एवं निरंतर पालन करें वहीं वार्ड नंबर 1 नगर पालिका क्षेत्र शक्ति के पीएम स्कूल में भी विकासखंड शिक्षा अधिकारी पहुंचे तथा उन्होंने मध्यान भोजन का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए, ज्ञात हो की विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पी राठौर के इस आकस्मिक निरीक्षण से जहां स्कूलों में भी हड़कंप मचा हुआ है, वहीं लगातार स्कूलों में अपनी जिम्मेदारियो के प्रति लापरवाही करने वाले संस्था प्रमुखों एवं शिक्षकों की शामत आ गई है तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट कह दिया है कि किसी भी प्रकार की स्कूलों में लापरवाही पाए जाने पर तत्काल नोटिस जारी किया जाएगा तथा नोटिस में सही जवाब नहीं मिलने पर स्कूल शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्रवाई भी की जाएगी।

# शासकीय क्रांति कुमार भारतीय महाविद्यालय ने गांधी जयंती पर किया स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




स्वच्छता ही सेवा और गांधी जयंती पर सांसद कमलेश जांगड़े और जिला कलेक्टर सक्ति अमृत विकास टोपनो द्वारा शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ति के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में शामिल होकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया, 2 अक्टूबर को गांधी जयंती और स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई किया गया कलेक्टर कार्यालय के सभागार में मुख्य अतिथि सांसद जिला जांजगीर और जिला कलेक्टर की उपस्थिति में सभी को स्वच्छता और नशामुक्ति के लिए शपथ माननीय सांसद महोदया द्वारा दिलवाया गया। एनएसएस के स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छता और नशामुक्ति पर नारा लगाते हुए रैली निकाला गया। एनएसएस के जिला संगठक प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का स्वयं सेवकों के माध्यम से सतत रूप से कार्य किया गया। जिला संगठक,प्रो यज्ञचरण राठिया (सहायक कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस) और सुंदरलाल शर्मा विश्विद्यालय के सहायक शुक्ला द्वारा सभी स्वयं सेवकों को टोपी डायरी और पेन वितरित किया गया। कार्यक्रम में स्वयं सेवक किशन, तरुण, उपेंद्र, हिना, पायल, प्रियंका, सीमा, कोमालिका, घनिका, चंचल, गौतम, अंकुश, कुमुद्नी, अंजुलता, रानीखान, अनमोल, मंजू, प्रभा, उत्कर्ष, अवधबिहारी, अभिषेक, शेखर, बलदेव, तुलसिला केश, बिट्टू, आरती, राम, गुलशन, कविता ज्योति, ज्ञानेंद्र अरुण संध्या, गायत्री, ममता, आशीष, भेष यशवंत आदि उपस्थित रहे।

# जिले में राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम द्वारा फटाखा गोदामों और दुकानों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम द्वारा फटाखा गोदामों और दुकानों का निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान लाइसेंस की वैधता, आवश्यक अभिलेख, अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था व भंडारण व बिक्री की अनुमति इत्यादि की जांच की जा रही है और नियमों का कड़ाई से पालन के लिए निर्देश दिए जा रहे हैं। इस कड़ी में टीम द्वारा जिला मुख्यालय मुंगेली के विभिन्न पटाखा दुकानों का निरीक्षण किया गया। संयुक्त कलेक्टर गिरीश रामटेके ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दुकानों के लाइसेंस की वैधता व भंडारण व बिक्री की अनुमति इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई। दुकानों में अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था देखी गई और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि निर्धारित स्थलों के अतिरिक्त अन्य किसी स्थान पर आतिशबाजी की बिक्री अथवा भण्डारण या आतिशबाजी का निर्माण या दिशानिर्देशों का उल्लघंन होना पाया जाता है, तो संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर अतिरिक्त तहसीलदार चंद्रकांत राही, सब इंस्पेक्टर अमित गुप्ता, हल्का पटवारी आशीष भोई सहित पूरी टीम के अमला मौजूद रहे।

# 20 हजार करोड़, 95 करोड़ किसानों के खातों मे डिजिटल माध्यम से स्थानांतरण की



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री के द्वारा वासिम महाराष्ट्र से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 18वीं किश्त के रूप में राशि 20 हजार करोड़, 95 करोड़ किसानों के खातों मे डिजिटल माध्यम से स्थानांतरण की गई। इसी कडी मंगेली जिले के 93212 किसानों के खाते में 20.16 करोड़ की राशि स्थानांतरण की गई। इस कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट जनप्रतिनिधि एवं कृषको को कृषि विज्ञान केन्द्र मुंगेली के सभागार में दिखाया गया। इसके साथ साथ किसानो को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, दलहन एवं तिलहन पर वैज्ञानिको के द्वारा कृषको को प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. आर.एल. शर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, उपसंचालक कृषि सहायक संचालक कृषि, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मुंगेली एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेली के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। साथ-साथ जिले के सरपंच उपसरपंच एवं जनप्रतिनिधि के साथ साथ लगभग 120 कृषकों ने भाग लिया।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पदोन्नति आदेश को निरस्त किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा स्वास्थ्य विभाग में 09 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पदोन्नति आदेश को निरस्त किया गया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा पदोन्नति नियम 2003 तथा विभागीय भर्ती नियम 1989 के प्रावधान के अनुसार जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ 09 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नत करते हुए सहायक ग्रेड 03 के पद पर नियुक्ति दी गई थी। उक्त पदोन्नति प्रक्रिया में पदोन्नति नियम 2003 का उचित ढंग से पालन नहीं होने की शिकायतें मिल रही थी। जिसे कलेक्टर ने संज्ञान में लेते हुए संयुक्त कलेक्टर गिरधारी लाल यादव के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए थे। सीएमएचओ प्रभात चंद्र प्रभाकर ने बताया कि पदोन्नति प्रक्रिया का परीक्षण कराया गया, जिसमें कुछ त्रुटि के आधार पर पदोन्नति आदेश को निरस्त किया गया है। उन्होंने बताया कि जांच प्रतिवेदन और पदोन्नति समिति के पुनः विचार के उपरांत आगे की कार्यवाही की जाएगी।'ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पद भर्ती आदेश निरस्त'-मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा प्रतीक्षा सूची से ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक के पद पर चयनित राजकमल कोरे की नियुक्ति आदेश को भी निरस्त किया गया है। गौरतलब है कि संचालक स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ द्वारा स्वीकृत आर.एच.ओ.के 29 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के माध्यम से भरे जाने की अनुमति प्रदान की गई थी। जिसके फलस्वरुप संवर्गवार वरीयता क्रम में चयन समिति के अनुशंसा के आधार पर पात्र उम्मीदवारों की सूची में से अभ्यर्थियों की चयन सूची जारी की गई थी। इसके उपरांत आर.एच.ओ. के रिक्त रह गए सीटों पर अनुसूचित जाति वर्ग में से जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चैकी के ग्राम कहाड़कसा के राजकमल कोरे को नियुक्ति दी गई थी। भर्ती प्रक्रिया में प्रतीक्षा सूची के नियमों का पालन नहीं होने की शिकायत मिली थी। कलेक्टर के निर्देश पर इसकी जांच चल रही है। प्राथमिक जांच में यह पाया गया की संबंधित संवर्ग पद अनुसूचित जाति वर्ग के एक उम्मीदवार द्वारा अपने पद से त्यागपत्र देने के कारण रिक्त हुआ, जिसे प्रतीक्षा सूची के वरीयता क्रम में पद को भरा जाना था।

# शासकीय क्रांति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सक्ती में नेशनल सेमिनार का हुआ आयोजन






पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

शासकीय क्रांति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सक्ती के आई क्यू एस सी विभाग और छत्तीसगढ़ विज्ञान एवम प्रौद्योगिकी परिषद् के संयुक्त तत्वाधान मे महाविद्यालय के सभागार में एक दिवसीय नेशनल सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार का विषय प्रभावी शिक्षण में आई सी टी टूल्स का उपयोग रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समस्त अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया। तत्पश्चात समस्त अतिथियों का पुष्प गुच्छ के द्वारा स्वागत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डी पी पाटले द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। इसके बाद कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ राजवंत सिंह राव, सहायक प्रध्यापक सीएसआईटी विभाग, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से ICT tools के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ विक्रांत कुमार गुप्ता, विभागाध्यक्ष कंप्यूटर विभाग, बटमुल कॉलेज रायगढ़ ने ICT tools का शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न उपयोग के बारे में बताया। एवम शासकीय वेदराम महाविद्यालय मालखरौदा के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष एवम सहायक प्राध्यापक प्रो रामरतन खूंटे ने ICT tools के महत्व को विस्तार से समझाया। साथ ही पोस्टर प्रेजेंटेशन का भी आयोजन किया गया था। जिसमें मालती पटेल एवम सरस्वती, एम एस सी जूलॉजी ने प्रथम तथा श्वेता देवांगन एवम बबीता बी एस सी सेकंड ईयर ने द्वितीय, गंगोत्री पटेल एम एस सी जूलॉजी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में छत्तीसगढ़ विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद् के जिला सक्ति की कोऑर्डिनेटर प्रो ऋतु पटेल द्वारा सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन कर धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में मंच का संचालन प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े, प्रो महेंद्र कुमार यादव द्वारा किया गया।

# महाठगी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार, एसबीआई की फर्जी शाखा खोलकर नौकरी लगाने के नाम पर ठग लिए लाखों रुपए

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



ठगी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार हुआ है,जिसने कई जिलों में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने का फैलाया था जाल, थाना मालखरौदा की कार्यवाही के अपराध क्रमांक 279/2024 धारा 318(4), 338, 336, 340, 3(4) BNS में आरोपी अनिल भास्कर पिता रामभरोष भास्कर उम्र 40 साल ग्राम दुम्हानी, थाना बिलाईगढ़,जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.) को गिरफ्तार किया गया है,मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी जीवराखन कावड़े मुख्य प्रबंधक (प्रशासन) SBI क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.) का दिनांक 27.09.2024 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की ग्राम छपोरा में फर्जी भारतीय स्टेट बैंक शाखा दिनांक 18.09.2024 से खुला है, जहां 06 व्यक्ति कार्यरत है, पूछताछ करने पर अनिल भास्कर एवं अन्य के द्वारा एक राय होकर भारतीय स्टेट बैंक में नौकरी लगाने के नाम पर रुपए लेकर छल पूर्वक कूट रचना करते हुए फर्जी ज्वाइनिंग लेटर देकर फर्जी बैंक खोल कर धोखाधड़ी किये है बताएं है, प्रार्थी कि रिपोर्ट पर उपरोक्त अपराध धारा पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान घटना स्थल ग्राम छपोरा से 09 नग कम्प्युटर सेट प्रिंटर, बैटरी तथा फर्नीचर सामाग्री को जप्त किया गया है। मामले में पीड़ित पक्षों से आरोपीगणों द्वारा दिया गया ज्वाईनिंग लेटर को जप्त किया गया। मामला गंभीर प्रकृति का होने से अंकिता शर्मा (आ.पु.से.) पुलिस अधीक्षक जिला सक्ति, रमा पटेल (रा. पु.से.) अति पुलिस अधीक्षक एवम मनीष कुंवर (रा. पु.से.) अनुविभागीय अधिकारी महोदय (पुलिस) सक्ति के द्वारा आरोपीयो को तत्काल गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया, जिसके परिपालन में पीडित गवाहों चिंटू मरावी, परमेश्वर राठौर, ज्योति यादव, संगीता कंवर के द्वारा आरोपियों को ट्रांसफर किए गए रकम एवम उनके कथनों के आधार पर थाना की टीम, साइबर टीम की मदद से आरोपी अनिल भास्कर की गिरफ्तारी हेतु उसके निवास स्थान ग्राम दुम्हनी थाना बिलाईगढ़ गई जहा आरोपी अपने घर में मिला जिसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया तथा लोगो से ठगी किए रकम में से कुल रकम 6,60,000 रुपए अलग-अलग यूपीआई आईडी से प्राप्त करना, जिस रकम से अपने नाम पर सेकंड हैंड कार आई-20 CG – 10 W 7400 को खरीदना तथा बचे हुए रकम में कुछ रकम को मामले में सहयोगी अन्य साथी को दे देना, तथा 1ivo कंपनी का नया मोबाइल भी खरीदना,तथा घटना में प्रयुक्त वन प्लस एवम अन्य फोन को तथा ठगी रकम से खरीदा गया कार आई-20 क्रमांक छ्त्त 10 W 7400 को जप्त किया गया है।

## एस डी एम ने कराया सीमांकन तो डेढ़ एकड़ सरकारी जमीन सरोज विहार के अंदर होना पाया

# बिल्डर ने 70 से ज्यादा अवैध मकान बनाने की आड़ मे एक एकड़ से उपर सरकारी जमीन को बेचा

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

तालाब और मुरुम खदान एवं चारागाह की जमीन मे रिहायशी मकानों का अवैध निर्माण कैसे हो सकता है मगर ऐसा शहर से लगे बहतराई मे हो चुका है। सरोज बिहार के नाम् से करीब 8 एकड़ भूमि मे मकानों का निर्माण करवा और उसे बेच कर अरविन्द वर्मा विलासपुर से बंगलौर मे जाकर बस गया है। आश्चर्य तो इस बात का है कि यह सरोज विहार सरकारी जमीन पर बना है। इसकी पूरी कहानी यह बताता है कि राजस्व विभाग के अमले से मिलीभगत हो तो तालाब, खदान, चारागाह की जमीन को सरकार को दे दो और उसके बदले उतनी ही सरकारी जमीन अपने नाम पर करवाकर उसे बिल्डर को बेच दो। बिल्डर भी इतना होशियार कि 70 से भी ज्यादा अवैध मकान बनाने की आड़ मे एक एकड़ से उपर सरकारी जमीन को चेंप लिया।

### पुरी कहानी की शुरुआत छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद शुरु होती है तब

गांव विलासपुर नगर निगम मे शामिल नही था। बहतराई मे एक तालाब और मुरुम खदान है जिसे त्रिवेणी बाई ने अपना निजी जमीन बताते हुए मुरुम खदान से करोड़ो रुपये का का मुरुम खुदाई करवा बेच डाला। मुरुम खदान और तालाब की जमीन लगभग8 एकड़ जो जनक बाई के नाम पर थी उक्त जमीन को शासन को सौपते हुए उसके बदले दूसरे स्थान पर जमीन सुनियोजित ढंग से मांग की गई और राजस्व अमला ने बिल्डर अरविन्द वर्मा की निशानदेही पर उस स्थान के खसरा नंबर पर 8 एकड़ जमीन एलाट कर दी गई जहां पर बिल्डर ने सरोज विहार का निर्माण कराया है । इसमे एक चालाकी और की गई। सरकारी जमीन को राजस्व रिकार्ड मे अपनी माता जनक बाई के बजाय बहु त्रिवेणी बाई के नाम पर चढ़वा लिया गया उसके बाद बिल्डर अरविन्द वर्मा ने उक्त जमीन को केंद्रीय एवं राज्य सहकारी गृह निर्माण समिति मर्यादित मोपका के नाम से खरीदा। इस समिति की अध्यक्ष अरविन्द वर्मा की पत्नी सरोज वर्मा थी जिसके नाम से सरोज विहार बनाया गया ।अरविन्द शर्मा अपनी पत्नी सरोज से स्वय को मुख्तियार घोषित करवा लिया और सरोज विहार मे निर्मित किये गये मकानों का विक्रय मुख्तियार के रूप मे अरविन्द वर्मा ही करते रहे। उसी सरोज विहार मे अरविंद वर्मा ने 34 डिसमिल जमीन मे आलिशान मकान बनाया जिसे शहर के एक पेट्रोल पम्प व्यापारी को साढ़े सात् करोड़ रुपये मे बेचा। जानें गड़बड़ी कहाँ हुई? सरोज विहार का निर्माण 2007 से पहले शुरु किया गया था। बहतराइ की जमीन मे मूल खसरा नंबर 257 मे 33 बटाकन् हो चुका है। वही तालाब का खसरा नंबर 296 तथा मुरुम खदान का खसरा नंबर 297 और 311 था । खदान का रकबा 4 एकड़ था जिसे खसरा नंबर 259 और 217 तथा 257 मे मर्ज करवा दिया गया।इसी तरह करीब डेढ़ एकड़ घास जमीन को भी त्रिवेणी बाई के नाम पर दर्ज करवा लिया।इस डेढ़ एकड़ जमीन को भी अरविन्द वर्मा ने अपनी पत्नी की अध्यक्षता वाली गृह निर्माण समिति के नाम पर खरीद लिया। सरोज विहार मे एक ऐसा भी मकान? सरोज विहार के आखिरी छोर मे मात्र 5 सौ वर्गफुट एरिया मे दो मंजिला मकान निर्मित है जो किसी त्रिलोचन साहु के नाम पर है इस मकान की खासियत यह है कि मकान 4 खसरा नंबरों मे दर्ज है। लेकिन मकान जहाँ पर हैं वह दुसरा खसरा नम्ब है। ये कैसे और किसके प्रयासों से सम्भव हो पाया इसकी भी निष्पक्ष जाँच होनी चाहिए । अगर इस मकान के बारे मे जाँच होती है तो और भी कई मकानों के गड़बड़ झाले का राज खुल सकता है ।

### सीमांकन रिपोर्ट बता रहा सरोज विहार मे डेढ़ एकड़ से ज्यादा सरकारी जमीन है

शासकीय जमीन पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण की शिकायत पर एस डी एम विलासपुर के निर्देश पर तहसीलदार ने बहतराई मे सीमांकन करवाया जिसकी रिपोर्ट के मुताबिक 1.65 एकड़ शासकीय जमीन मे से मात्र 40 डिसमिल जमीन खाली है। वही 19 डिसमिल जमीन पर महिला एवं बाल विकास विभाग का भवन् बना है। शेष 1.06 डिसमिल जमीन सरोज विहार के अंदर है जिसमे कई मकान बन चुके है, अहाता बना दिया गया है और उन मकानों की अभी भी खरीद फरोख्त हो रही है हालांकि सीमांकन रिपोर्ट के बाद लोग सरकारी जमीन पर बने मकानों का सौदा करने से बच रहे है। बहतराई मे शासकीय जमीन पर कब्ज़ा और अवैध मकानों का निर्माण जिला प्रशासन, राजस्व विभाग के आला अधिकारियो के लिए चुनौती है ।बड़ा सवाल यह है कि क्या जिला प्रशासन सरकारी जमीन पर बने मकानों को ढहवाएगा? हो सकता है कार्रवाई मे राजनैतिक दबाव भी आये लेकिन सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराना राजस्व विभाग के अधिकारियो का दायित्व है । यही नही राज्य निर्माण के बाद सरकारी जमीन को निजी जमीन मे पलटी करवाने के दौरान जो जो भी पटवारी,आर आई,तहसीलदार, एस डी एम पदस्थ रहे हों उनकी भी भूमिका की जाँच होनी चाहिए।

# मां चंद्रहासिनी की 25वीं पदयात्रा 6 अक्टूबर को निकलेगी शक्ति से

**सक्ती।** शक्ति शहर की चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति द्वारा इस वर्ष मां चंद्रहासिनी की 25वीं पदयात्रा की रजत जयंती का वर्ष मनाया जा रहा है,6 अक्टूबर को जहां श्री राधाकृष्ण मंदिर से दोपहर 1:00 बजे हटरी चौक होते हुए मां महामाई मंदिर दोपहर 2:00 बजे यह पदयात्रा पहुंचेगी तथा महामाई दाई मंदिर में महाआरती के पश्चात यह पदयात्रा प्रारंभ होकर मां चंद्रहासिनी देवी के दरबार चंद्रपुर पहुंचेगी तथा पदयात्रा मार्ग में जहां जगह-जगह देवी भक्तों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा इस यात्रा के पद यात्रियों का स्वागत किया जाएगा तो वहीं चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति द्वारा भी इस 25वीं पदयात्रा को लेकर व्यापक रूप से तैयारी की गई है एवं श्री चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति के संयोजक श्यामसुंदर अग्रवाल चूड़ी वाले एवं हेमंत देवांगन के नेतृत्व में पूरी ऊर्जावान टीम जुटी हुई है।

# पितृलोक लौटे पुरोधा रोए होंगे सत्ताधीशों की बेअदबी से निगम पितृदोष से ग्रस्त
## ग्रहों के कमजोर-अस्त होने के चलते विकास नहीं हुआ, विकृतियों से शहर का भाग्य रुठा

विक्रम बाजपेयी ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहरनामा

शहर के पांच साल बर्बाद हो गए। ये कीमती वक्त सिर्फ राजनीतिक खिंचतान, प्रतिष्ठा और दिखावे के ढकोसले में गुजर गए। शहर के पुराधाओं की आत्मा हालही में जब पितृलोक वापस लौटी होंगी तो खूब रोईं होंगी। उन्हें अपनी विरासत के इस हश्र पर ग्लानि महसूस हुई होगी। श्रीहरि न करें के उनका श्राप शहर को झेलना पड़े। हालांकि उन्हें तृप्ति मिले ऐसा भी कोई काम किसी ने नहीं किया है। ज्योतिष में मान्यता है कि घमंड और दिखावा करने से सूर्य कमजोर होता है। सूर्य राजा है। जब सूर्य कमजोर होता है तो राजा कमजोर होता है। ऐसा होने से पूरी कुंडली ही कमजोर हो जाती है। निगम की सत्ता संभालने वालों ने कुछ ऐसी ही बेअदबी कर दी है। नतीजा अब शहर भोग रहा है। पांच वर्षों में निगम के ग्रह गोचर पर दृष्टि डालें तो ऐसा ही कुछ दिखता है।

देखिए न, शहर को क्या कुछ नहीं मिलने वाला था, निगम के बजट में पेट्रोल पंप, ई-रिक्शा चार्जिंग सेंटर, नंदई में थोक बाजार का निर्माण, फुटकर व्यवसायियों के लिए गुमटी निर्माण, प्रतियोगी परीक्षा हेतु ऑनलाईन निःशुल्क प्रशिक्षण एवं निगम ग्रंथालयों का हाईटेक निर्माण, पालिका बाजार के तहत व्यावसायिक परिसर निर्माण, पुत्री शाला में बहुमंजिला व्यवसायिक परिसर निर्माण, आयुर्वेदिक औषधालय में व्यावसायिक परिसर निर्माण, मांगलिक भवन निर्माण, हाईटेक मल्टीलेवल पार्किंग, मेडिकल कांप्लेक्स का निर्माण, महिला समृद्धि बाजार, वॉटर पार्क का निर्माण के प्रस्ताव शामिल हुए।

लेकिन पितृ दोष जब लगता है तो काम पूरे नहीं होते, विघ्न आते हैं या फिर कर्ता ही उस योग्य नहीं रह जाता। निगम इससे अछूता नहीं रहा। सूर्य पहले ही कमजोर, उस पर पितृ दोष। निगम की कुंडली में गुरु के अस्त होने जैसी स्थिति दिखती है। इससे ज्ञान का अभाव आया, परोपकार की भावना नहीं रही। उस पर राहु की दृष्टि ने निगम के नेताओं को ऐसा भ्रमित किया कि मुद्दों को छोड़कर इस पांच साल कभी नेता अधिकारी के पीछे दौड़ते रहे, तो कभी अधिकारी को साथ लेकर अर्थ के पीछे भागते रहे। यह विकट परिस्थिति है। राहु के प्रभाव ने षड्यंत्र बढ़ाया।




निगम सत्ता पर शनि भी कुपित हुए हैं। उस पर साढ़े साती अलग। शनि न्यायप्रिय ग्रह है, वे न्यायाधीश हैं। उनकी महादशा-अंतरदशा में अन्याय नहीं करना चाहिए। सभी का सम्मान होना चाहिए, न्याय करने वाले निर्णय होने चाहिए। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। हर निर्णय लोभ, माया से प्रेरित ही रहा.. अन्याय को बढ़ावा मिला, शहर के साथ न्याय कभी हुआ ही नहीं। नतीजतन परिश्रम बढ़ गया। इस दोष का असर जनता भी झेल रही है। साफ-सफाई का अभाव, आलस का असर स्पष्ट दिखता है।

चंद्रमा की स्थिति निगम सत्ता की कुंडली में सबसे बुरी है। अस्त चंद्रमा के चलते मनोविकार उत्पन्न हुए। इसके चलते माता का स्नेह नहीं मिलता... शहर को भी जिनसे सबसे ज्यादा स्नेह की आशा थी वो नहीं मिला। अस्त चंद्र आर्थिक संकट भी बढ़ाता है... निगम की राजस्व स्थिति किसी से छिपी हुई नहीं है। चंद्रमा सबसे तेज गति से राशि परिवर्तन करते हैं। यह समय कुछ सवा दो दिन का होता है। निगम में भी पांच साल कुछ ऐसा ही नज़र आया। कभी इधर, तो कभी उधर की स्थिति हमेशा दिखी। कभी किसी मुद्दे पर हड़ताल तो कभी उसी मुद्दे पर लंबी चुप्पी। कभी कार्रवाई की मांग तो चंद वक्त में समझौता। अधिकारियों में भी ये असर दिखा। इसका फर्क पेयजल आपूर्ति जैसे मामलों पर भी पड़ा। अमृत मिशन में 230 करोड़ लगने के बाद भी पाइप फूट रहे हैं, वॉल्व खराब हो रहे हैं, कई-कई दिन का मेंटनेंस चल रहा है। कमजोर चंद्र से ये लक्षण आते हैं।

राहु के दुष्प्रभावों वाली कुंडली में मंगल की स्थिति ठीक न होने से पुरुषत्व यानी साहस की कमी निगम की सत्ता में दिखी। इसका प्रभाव दोनों ही पक्षों में देखने को मिला जबकि अधिकारियों को इससे बल मिला। वे निरंकुश हो गए तो सत्ता और विपक्ष उस पर नकेल कसने में असफल रहे। मंगल को न साधने वाले सत्ताधीश किसी बड़े संकल्प को पूर्ण करने की क्षमता खो बैठे। माया का दुष्प्रभाव निगम की आखिरी सामान्य सभा की बैठक तक रहा। दो दिन चली इस बैठक का भी हासिल सिर्फ नाम रहा, जनता से जुड़े काम और उनकी सहूलियतें वाद-विवादों में कहीं गुम हो गए।

निगम की सत्ता की कुंडली के प्रारंभिक आंकलन से तो स्पष्ट है शहर किस स्थिति पर आ खड़ा हुआ है। इससे उबरने के लिए पितृदोष और ग्रहों की कमजोर अवस्था के लिए अनुष्ठान की आवश्यकता है। इससे पहले जरुरत है योग्य उत्तराधिकारी की जो इन अनुष्ठान में यजमान के योग्य हो। ऐसा योग्य व्यक्ति जो सूर्य के प्रभाव से छलपूर्ण शासन, शासन का दुरुपयोग और अहंकार न करे बल्कि जनता की सेवा करे। जो गुरु को पुष्ट करे और सत्य की सत्ता का सारथी बने। ऐसा योग्य व्यक्ति जिसमें पुरुषत्व हो, शनि की न्यायप्रियता हो। ज्योतिष दृष्टिकोण के इतर सामान्य दृष्टिकोण से भी शहर को अब एक अदद कर्मयोगी की आवश्यकता है। विगत वर्षों में स्वहित से घिरे जननेताओं ने शहर के पारस्परिक विकास, समुचित व्यवस्था, सुविधाओं की आहूतियां स्वयं के लिए ले लीं।

**डिस्क्लेमर** : शहर की वास्तविक परिस्थितियों, निगम के अधिकारियों, शहर के जननेताओं के निर्णयों और उनकी भूमिका के योग से निर्मित स्थिति पर ये आंकलन किया गया है, इसका किसी कुंडली-व्यक्ति से कोई लेना-देना नहीं है। जो चित्र लगाया गया है वह सिर्फ सांकेतिक है।

# फोरलेन की दुर्दशा को लेकर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

- संकेतक, गुणवत्ता, मृतक परिवारों को मदद की मांग
- ड्राईंग में बदलाव होगा तो हम विरोध करेंगे- विधायक

पायनियर संवाददाता ✓ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में निर्माणाधीन फोरलेन को लेकर कांग्रेस ने एक कदम बढ़ाते हुए आमजनों को आवागमन में दिक्कतों के साथ कुछ नागरिकों की मौत का हवाला देते हुए धरना प्रदर्शन किया। इस दरम्यान विधायक दलेश्वर साहू ने दो टूक में कहा कि अगर राजनैतिक दबाव की वजह से ड्राइंग डिजाईन में फेरबदल हुआ तो कांग्रेस कड़ा विरोध करेगी। इस दौरान एसडीएम को शासन के नाम 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

इस दरम्यान विधायक दलेश्वर साहू ने फोरलेन को लेकर विधानसभा में अपने प्रयासों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि फोरलेन निर्माण के दरम्यान प्रशासन का रवैया ठीक नही रहा है। हमने अपनो को खोया है। उधर प्रशासन द्वारा ड्राइंग डिजाईन में बदलाव की सुगबुगाहट महसूस की जा रही है, अलबत्ता ड्राईंग डिजाईन में बदलाव हुआ तो कांग्रेस पार्टी कड़ा विरोध करेगी। विधायक ने फोरलेन का निर्माण शीघ्र पूर्ण करने पीडब्ल्यूडी को ताकीद दी।



धरना को ब्लॉक अध्यक्ष चेतन साहू, वीरेंद्र बोरकर, सुयश नाहटा, संध्या साहू, डॉ नरेंद्र साहू सहित अन्य ने भी सम्बोधित कर शासन प्रशासन की कार्यशैली पर जमकर गर्जना की। अंततः निर्माण दरम्यान मृत लोगों के परिजनों को सहायता, डेंजर जोन में संकेतक, गड्ढे का भराव, गुणवत्तापूर्ण कार्य करने सहित कार्य पूर्णता का प्रकाशन सहित 6 मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर टिकेश साहू, अजित जैन, बद्रीनारायण शुक्ला, गणेश साहू, मोहनीश साहू, कमल वैष्णव, वैशाली बोरकर, गोपाल टावरी, श्रुति शुक्ला, सद्दाम खत्री, रजत साहू, अखिलेश नखत, महेंद्र वैष्णव, रवि शुक्ला, मुरली निषाद, गोल्डी खेब्रागड़े, विशाल सोनी, कमलेश साहू सहित नगर के अनेक कांग्रेसी शामिल थे।

### ठेकेदार एवं अफसर ने दी आमद

विधायक द्वारा पहली बार फोरलेन को लेकर धरना प्रदर्शन करने से ठेकेदार व पीडब्ल्यूडी के अफसर भी सकते में आ गए। सूत्रों की माने तो एसडीओ हर्षद साहू एवं ठेकेदार के पुत्र तो धरना स्थल में आमद देने पहुंचे थे। इस दौरान कांग्रेसजनों का ठेकेदार के प्रति आक्रोश भी देखा गया। तद्पश्चात विधायक द्वारा दोनों को सख्त हिदायत देने की चर्चा है।

# पीएम मोदी से प्रभावित, सदस्यता अभियान महापर्व में स्वस्फूर्त जुट रहे समर्थक

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में भाजपा का सदस्यता अभियान महापर्व विस्तार ले रहा है। शनिवार को पनेका, बांकल और फरहद में ग्रामीणों ने सदस्यता ग्रहण कर देश के प्रति अपने कर्तव्यों को की पूर्ति हेतु शपथ ली। भाजपा नेता परवेज अहमद ने बताया कि, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, वरिष्ठ नेता व पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष अग्रवाल व भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर की मौजूदगी में नए सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन से सभी को प्रोत्साहित किया। भाजपा के सदस्यता अभियान महापर्व की ग्रामीण अंचल में शुक्रवार को शुरुआत की गई थी। भाजपा नेता परवेज अहमद ने बताया कि, शनिवार को पनेका, बांकल और फरहद में कार्यक्रम आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण इस कार्यक्रम में शामिल हुए। स्वस्फूर्त लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को पूर्ण कर सभी को सदस्यता दिलाई। उन्होंने कहा कि, पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व सांसद संतोष पांडेय के आह्वान पर ये अभियान गांव-गांव तक पहुंच रहा है। तय है कि छत्तीसगढ़ में राजनांदगांव जिला सदस्यता अभियान में नया रिकॉर्ड बनाएगा। उन्होंने कहा कि, आज नव सदस्यों को तिलक लगाकर विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक समूह में प्रवेश दिलाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर्मयोग और भाजपा की विचारधारा से प्रभावित लोग स्वयं ही इस महापर्व में जुड़ रहे हैं और भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं। आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पनेका में जनपद सदस्य व महिला मोर्चा अध्यक्ष पुष्पा गायकवाड़, कुशल खोब्रागढ़े, मंडल अध्यक्ष पुष्पा उइके, बूथ अध्यक्ष रामदास साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता रामसिंग उइके, पूर्व बूथ अध्यक्ष ईश्वर साहू, पूर्व सरपंच सुखूराम साहू, गोविंद साहू, कृपाल साहू, देवेंद्र देवांगन, कमलाबाई खोब्रागढ़े, कमरजा बाई खोब्रागढ़े, मुकेश, रघुनाथ, राकेश खोब्रागढ़े शामिल हुए। ग्राम फरहद में शक्ति केंद्र प्रभारी मोतीलाल देवांगन, महिला अध्यक्ष इंदु पटेल, महिला सदस्य अंजु यादव, सेवकराम साहू, कन्हैयालाल मंडावी, ओंकार साहू, मंगल रजक सहित अन्य मौजूद थे।

# किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त की राशि किसानों के बैंक खाते में हस्तांतरित

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महाराष्ट्र के वाशिम में आयोजित किसान सम्मेलन कार्यक्रम से किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त की राशि को सीधे किसानों के बैंक खाते में हस्तांतरित किया गया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव में दिखाया गया। किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले में 119853 कृषकों को 25 करोड़ 85 लाख रूपए की राशि से लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव सचिन बघेल, कलेक्टर संजय अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि बिसेसर साहू, कोमल सिंह राजपूत, चंद्रकृत साहू, सरपंच सुरगी आनंद साहू उपस्थित रहे। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जल संरक्षण के महत्व को बताते हुए जल संरक्षण के विभिन्न तरीकों को बताया। उन्होंने वर्तमान में बोर उत्खनन कार्य अधिक होने के कारण पानी के वाटर लेवल को बढ़ाने हेतु बोरवेल रिचार्जिंग के बारे विस्तृत जानकारी दी। साथ ही अधिक से अधिक पौधरोपण, पुराने तालाबों में जल संग्रहण करने एवं ग्रीष्मकाल में धान की जगह कम पानी वाले फसल लगाने के लिए किसानों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन एवं तिलहन फसल लगाने, खेती की लागत को कम करने एवं उत्पादकता बढ़ाने के संबंध में जानकारी दी गई। फसल चक्र परिवर्तन एवं धान खरीदी के बारे में बताया गया। कार्यक्रम को अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव सचिन बघेल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं कृषि विज्ञान केन्द्र प्रमुख डॉ. गुंजन झा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय, अनुविभागीय कृषि अधिकारी विरेन्द्र आनंद, एसएस देशलहरे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ईश्वरी ठाकुर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जेएस खेंगर, कृषि विकास अधिकारी रमशीला बोरकर, याजवेन्द्र कटरे, वैभव मंडावी, चंद्रकांत साहू, जितेन्द्र वर्मा, प्रमोद नाग, भरत उइके, सरिता रामटेके, मोनिका भगत, वंदना यादव सहित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव के वरिष्ठ वैज्ञानिक अंजली घृतलहरे, मनीष सिंह, आशीष शुक्ला, जितेन्द्र मेश्राम, मंजूलता मेरावी एवं कृषक व स्वसहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थी।




# मेजबान दुर्ग संभाग का रहा शानदार प्रदर्शन बॉस्केटबॉल के चारों वर्गों में बनी विजेता

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 का समापन समारोह का आयोजन रविवार 6 अक्टूबर 2024 को दोपहर 1 बजे से अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पाण्डेय उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर नगर पालिक निगम राजनांदगांव हेमा देशमुख, पूर्व विधायक डोंगरगढ़ रामजी भारती, पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया रविन्द वैष्णव, पूर्व चेयरमेन छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन नीलू शर्मा, समाजसेवी राजेन्द्र गोलछा, समाजसेवी लीलाधर साहू उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता में मेजबान दुर्ग संभाग ने बॉस्केटबॉल बालक व बालिका 17 वर्ष व 19 वर्ष के चारों ही वर्ग में विजेता बनी। वहीं अन्य खेलों में भी उसका प्रदर्शन अच्छा रहा। बेसबॉल 17 वर्ष बालक व बालिका में बिलासपुर जोन विजेता, बस्तर जोन उपविजेता एवं दुर्ग संभाग तीसरे स्थान पर रहा। दिग्विजय स्टेडियम में खेले गये बेसबॉल बालक 17 वर्ष में बिलासपुर जोन ने बस्तर जोन को 4-3 अंकों से हराकर विजेता बनी, बस्तर उपविजेता रही, वहीं दुर्ग संभाग ने रायपुर को 2-1 अंकों से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में भी फायनल में बिलासपुर व बस्तर के मध्य खेला गया। जिसमें बिलासपुर 4-3 अंकों के साथ विजेता रही तथा बस्तर उपविजेता रही दुर्ग जोन ने सरगुजा को पछाड़कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। दिग्विजय स्टेडियम के ही इण्डोर स्टेडियम में खेले गये बॉस्केटबॉल 17 वर्ष बालक वर्ग में दुर्ग संभाग ने रायपुर को हराकर विजेता बनी रायपुर उपविजेता व तीसरे स्थान पर बिलासपुर रही। 19 वर्ष बालक वर्ग में दुर्ग ने रायपुर को पराजित कर विजेता बनी। रायपुर उपविजेता व बस्तर तीसरे स्थान पर रही। बॉस्केटबॉल 17 वर्ष बालिका वर्ग में दुर्ग व रायपुर की टीमें फिर एक बार आमने-सामने रही।



## मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए आगे बढ़ रहा पदयात्रियों का जत्था

# तेज धूप से तपती सड़क और पैर पर छाले.. माता के जयकारे की ताकत से दे रहे आस्था की परीक्षा

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पदयात्रियों का जत्था बड़ी संख्या में डोंगरगढ़ की ओर कूच कर रहा है। मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए युवा वर्ग में सबसे ज्यादा उत्साह देखने को मिल रहा है। कई - कई किलोमीटर की पदयात्रा कर माता के दरबार में हाजिरी लगाने की परंपरा वर्षों पुरानी है। स्कूली बच्चे भी इसका हिस्सा बन रहे हैं। शाम ढलते ही यात्रियों की की बड़ी तादाद मार्ग पर नज़र आ रही है। दिन में बढ़े हुए तापमान के बाद भी कदम ठहर नहीं रहे हैं। पैरों पर पट्टियां बांधे श्रद्धालु मां के जयकारे लगाते आगे बढ़ रहे हैं। प्रशासन ने पदयात्रियों के लिए अंजोरा से डोंगरगढ़ जाने के लिए एक रूट तय किया है, जिसमें पदयात्रियों की सुविधा और उनकी सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। नवरात्र में पदयात्रियों की सुविधाओं और सुरक्षा को देखते हुए अंजोरा बायपास से नेशनल हाईवे को स्थानीय गौरीनगर मोड़ तक वन-वे कर दिया गया है। वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करने अंजोरा से राजनांदगांव शहर के प्रवेश तक ब्रेकर बना दिए गए हैं। पदयात्रियों के आराम और सुविधाओं के लिए पंडाल में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। तमाम तरह की दवाइयों के साथ मेडिकल स्टॉफ भी तैनात है। पंडाल में आराम करने के लिए बिस्तर और पंखे की व्यवस्था भी की गई है। प्रशासन के अलावा निजी सामाजिक संगठनों का भी पंडाल पदयात्रियों के निर्धारित रूट पर तैयार किया गया है। इस बीच जिले में पदयात्रियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है।





### हर नवरात्र आते हैं 10 लाख से अधिक श्रद्धालु

प्रति वर्ष डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए 10 लाख से अधिक श्रद्धालु जुटते हैं। इनमें ही पदयात्री भी शामिल हैं। जिले की चारों दिशाओं से श्रद्धालु अपनी आस्था माता के चरणों में अर्पित करने कठिन परिश्रम करते हैं। तपती सड़क में, पांव के छालों की पीड़ा तब ठंडी पड़ती है जब दरबार में माता के दर्शन प्राप्त होते हैं। पड़ोसी जिलों के साथ ही, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश इलाके से भी पदयात्री डोंगरगढ़ पहुंचते हैं। यहां भी पदयात्रियों के लिए सुविधाएं सुनिश्चित की जाती हैं।

### अवकाश में बढ़ी संख्या

जगह-जगह स्वास्थ्य विभाग और अन्य विभागों द्वारा पंडाल लगाकर पदयात्रियों को सुविधा मुहैया कराया जा रही है। क्वांर नवरात्र पर्व पर पदयात्रियों की संख्या रविवार को और बढ़ सकती है। शनिवार और रविवार को आमतौर पर लोग पदयात्रा करने की योजना बनाकर निकलते हैं। ऐसे में डोंगरगढ़ में दर्शनार्थियों की संख्या बढने की उम्मीद के अनुरूप सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। राजनांदगांव शहर में पदयात्रियों को देखकर लोग जयकारा भी कर रहे हैं। पंचमी-षष्ठमी तक पदयात्री बड़ी संख्या में सडक़ों पर नजर आएंगे।

# हमें अपने लक्ष्यों को पूरा करने हर मोर्चे पर जुटे रहना होगा : जम्वाल

**भाजपा सदस्यता अभियान की हुई समीक्षा बैठक, अब तक 32 लाख से अधिक भाजपा के सदस्य बने**




पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता जिस संकल्प को ले लेता है उसे पूर्ण करने के बाद ही विश्राम करता है। हमने जो संकल्प सदस्यता का लिया है उसे पूर्ण करने कोई कसर हम नहीं छोड़ रहे हैं। मंडल से लेकर बूथ और जिला स्तर तक सदस्यता अभियान को जिस तरह से सफलता मिल रही है। हम अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर हैं। 2014 में हमने 22 लाख सदस्य बनाए थे 2019 में 9 लाख उस समय कोविड भी हमारे सामने चुनौती थी। और अब 2024 में 32 लाख से अधिक सदस्य अब तक बन चुके हैं। जो हमारे निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने की दिशा में एक पड़ाव मात्र है।

प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि प्रदेश में सदस्यता की पूरी टोली जिस तरह से जुटी है उसके साथ ही जिलावार संगठन के सारे पदाधिकारी कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। हम लगातार केन्द्रीय संगठन द्वारा तय लक्ष्यों को पूरा करने में सफल हो रहे हैं। निर्धारित समय में लक्ष्यों को पूर्ण करने की दिशा में और जुटना होगा। प्रदेश सदस्यता संयोजक अनुराग सिंहदेव ने कहा कि हर मोर्चा-प्रकोष्ठ सहित सभी के जो लक्ष्य तय किये गये हैं उस दिशा में हमें आशातीत सफलताएं मिल रही है। फिर भी लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए हमें और सक्रियता से जुटना होगा। उन्होंने कहा कि सदस्यता रथ यात्रा निकाली गई है उसमें युवा मोर्चा की सहभागिता अधिक हो इस पर भी सभी को जुटने की जरूरत है। इस बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, महामंत्री द्वय संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा, रामजी भारती, सांसद रूपकुमारी चौधरी, सदस्यता अभियान के सह प्रभारी डॉ. नवीन मारकंडे, संभाग प्रभारी, जिला संगठन प्रभारी, जिला सदस्यता प्रभारी, भाजपा जिलाध्यक्ष, जिले के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व सदस्यता अभियान टोली की सदस्य मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री ने स्वामी आत्मानंद की जयंती पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वामी आत्मानंद की 6 अक्टूबर को जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि स्वामी आत्मानंद जी का समाज सुधारक और शिक्षाविद् के रूप में छत्तीसगढ़ में महत्वपूर्ण योगदान हैं। उन्होंने स्वामी रामकृष्ण परमहंस की भावधारा को छत्तीसगढ़ की धरा पर साकार किया और मानव सेवा एवं शिक्षा की अलख जगाई। उन्होंने अपना पूरा जीवन दीन-दुखियों की सेवा में बिता दिया। उन्होंने पीड़ित मानवता की सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताया। स्वामी विवेकानंद के विचारों का उन पर गहरा असर रहा। उन्होंने मठ और आश्रम स्थापित करने के लिए एकत्र की गई राशि को अकाल पीड़ितों की सेवा और राहत कार्य के लिए खर्च कर दी। आदिवासियों के सम्मान एवं उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के लिए अबूझमाड़ प्रकल्प की स्थापना की। वनवासियों की दशा और दिशा सुधारने के लिए नारायणपुर में वनवासी सेवा केन्द्र प्रारंभ किया। आत्मानंद जी के द्वारा मानव सेवा के क्षेत्र में किए गए कार्य अनुकरणीय और प्रेरणादायक हैं।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर नवा रायपुर स्थित नए मुख्यमंत्री निवास में गृहप्रवेश किया



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवरात्रि के पावन अवसर पर विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना कर नवा रायपुर में नवनिर्मित नए मुख्यमंत्री निवास में गृहप्रवेश किया। मुख्यमंत्री ने अपनी धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय के साथ मंत्रोच्चार और शंख ध्वनि के बीच पूजा-अर्चना की। उन्होंने अपनी माता जसमनी देवी से आशीर्वाद ग्रहण कर गृह प्रवेश किया। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका उनकी धर्मपत्नी रानी डेका काकोटी, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस सहित अनेक विधायक और जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। गृहप्रवेश कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों ने मुख्यमंत्री को बधाई और शुभकामनाएं दी।

# पालकों बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत किया गया जागरूक

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में जिले के फरसाबहार विकास खंड के अंकिरा सेक्टर में अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां कराई गई। केन्द्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा बेटियों लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान भारत सरकार द्वारा 2015 में शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य देश में लड़कियों का बाल विवाह रोकना और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। कन्या भ्रूण हत्या को रोकने और लड़कियों के जन्म को प्रोत्साहित करना बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देना और स्कूल में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। सामाजिक जागरूकता लाना बेटियों के अधिकारियों के प्रति जागरूकता फैलाना शासन द्वारा बेटियों को अच्छी शिक्षा देने के लिए प्रोत्साहित करना। योजना के तहत लाभान्वित करना साथ ही बाल विवाह कानूनों का सख्ती से पालन करना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का उद्देश्य है।

## कलेक्टर ने किया मक्का प्रसंस्करण प्लांट का निरीक्षण, निर्माण कार्यों में तेजी के निर्देश

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कोकोड़ी में स्थित निर्माणाधीन मां दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और सीओटू प्लांट के कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। संबंधित एजेंसी से चर्चा करते हुए उन्होंने निर्माण में हो रही देरी पर चिंता जताई और कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए सभी निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने प्लांट परिसर में सड़क निर्माण कार्य को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए, साथ ही रेन हार्वेस्टिंग प्रणाली के कार्य की प्रगति की समीक्षा की।

# नगर निगम सामान्य सम्मिलन की बैठक 22 एजेंडों पर चर्चा उपरांत सभापति प्रमोद दुबे ने 7 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे तक के लिये स्थगित की

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम रायपुर के सभापति प्रमोद दुबे के सभापतित्व में नगर निगम सामान्य सम्मिलन की बैठक निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के चतुर्थ तल पर निगम सामान्य सभा सभागार में प्रारंभ हुई। नियमानुसार सामान्य सम्मिलन की बैठक में प्रक्रिया के तहत क्रमवार 22 विभिन्न एजेंडों पर चर्चा व विचार विमर्श कर आवश्यक निर्देश एजेण्डावार दिये गये। इसके पश्चात सभापति प्रमोद दुबे ने आसंदी से महापौर एजाज ढेबर एवं नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे से चर्चा व सहमति उपरांत नगर निगम की सामान्य सम्मिलन की बैठक को 7 अक्टूबर 2024 सोमवार को प्रातः 11 बजे तक के लिये स्थगित करने की घोषणा की। स्थगित बैठक 7 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगी। इसके पूर्व नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के भूतल पर नगर निगम के जनप्रतिनिधि पार्षदगणों की परिषद के कार्यकाल की स्मृति संजोने ग्रुप फोटो सभापति प्रमोद दुबे, महापौर एजाज ढेबर, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, सभी एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्षों, पार्षदों की उपस्थिति में हुई। सामान्य सभा सभागार में सभापति द्वारा सामान्य सम्मिलन की बैठक के आसंदी से स्थगन की घोषणा के तत्काल उपरांत सभापति प्रमोद दुबे, महापौर एजाज ढेबर, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा ने नगर निगम के जनप्रतिनिधि पार्षदों सभी एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्षों, को नगर निगम रायपुर की ओर से परिषद के कार्यकाल की स्मृति संजोने नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन की प्रतिकृति स्मृति चिन्ह के तौर पर ससम्मान प्रदत्त की।

# जल जीवन मिशन बना पहचानः हर घर शुद्ध और स्वच्छ पेयजल पहुंचना हुआ आसान

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



मोदी सरकार ने देश के सभी गांवों में हर घर तक साफ और सुरक्षित पानी पहुंचाने की संकल्पना के साथ 15 अगस्त 2019 को जल जीवन मिशन की शुरुआत की थी। इस योजना का उद्देश्य भारत के ग्रामीण इलाकों में नल के जरिये स्वच्छ जल पहुँचाना है। मोदी की गारंटी के अनुरूप छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार ग्रामीणजनों को शुद्ध और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। जल जीवन मिशन योजना माहिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है, क्योंकि घर में पानी की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी आमतौर पर महिलाओं की होती है। पानी की व्यवस्था के लिए महिलाओं को लंबी दूरी तय करने के साथ-साथ समय भी जाया करना पड़ता था। घर मे नल से जल उपलब्ध होने से शारीरिक थकान से मुक्ति मिलेगी और जो समय बचेगा उसका उपयोग किसी अन्य कार्य को करने में किया जाएगा। जल जीवन मिशन के तहत् नल जल योजना से रायपुर जिले के धरसींवा विकासखंड के ग्राम नकटी में जल उत्सव का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत के सरपंच कुमुद टण्डन ने बताया कि अब गांव के सभी परिवार को शुद्ध पेयजल मिलने लगा है।

# मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना : लक्ष्मीप्रसाद को अपना आशियाना बनाने में मिली मदद

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के तेजी से बढ़ते शहर बिलासपुर में ड्राइव करें और आपको निर्माण स्थलों को अनदेखा करना मुश्किल लगेगा। आवासीय और वाणिज्यिक इमारतें, मॉल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और अन्य निर्माण कार्य शहरी परिदृश्य पर हावी हैं। फिर भी हमारे आस-पास के भौतिक वातावरण को आकार देने वाला कार्यबल अनौपचारिक बस्तियों में रहता है, घरों में जो उन्होंने खुद के लिए बनाए हैं। बिलासपुर की एक उभरती हुई बस्ती में, शहर की हरी-भरी गलियों से दूर। लक्ष्मीप्रसाद और उनकी पत्नी ने अपने छह सदस्यों के परिवार के लिए दो कमरों का मिट्टी का घर बनाया। लाखों शहरी गरीबों की तरह जो हाशिये पर रहते हैं, लक्ष्मीप्रसाद और उनके परिवार ने एक विजयी यात्रा दर्ज की है, उन्होंने अधिकारों और सुविधाओं तक पहुँच के लिए बातचीत करके और इसे लचीला बनाने के लिए समाधान खोजकर अपने हाथों से अपना घर बनाया है। यह एक मामूली घर हो सकता है, लक्ष्मीप्रसाद द्वारा एक निर्माण श्रमिक के रूप में बनाए गए विशाल घरों के विपरीत, लेकिन एक घर, चाहे कितना भी छोटा क्यों न हो, आश्रय, वस्तु और निवेश होता है। पिछले कुछ सालों में लक्ष्मीप्रसाद और उनके परिवार को सभी सदस्यों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए एक बड़े घर की ज़रूरत महसूस हुई है। अपने रहने की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए उत्सुक लक्ष्मीप्रसाद ने एक सक्रिय कदम उठाया और अपने शहर के श्रम संसाधन विभाग का दौरा किया। जब उन्होंने मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास योजना के बारे में सुना, जो कि छत्तीसगढ़ के श्रम विभाग की एक योजना है, जिसके तहत निर्माण श्रमिकों को आवास सहायता प्रदान की जाती है, तो उन्होंने तुरंत अपने आवेदन के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज जुटाने शुरू कर दिए।

# बगीचा गायबुड़ा के सदस्यता अभियान में शामिल हुईं विधायक रायमुनी भगत, कार्यकर्ताओं को किया रिचार्ज

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



बगीचा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत गायबुडा में आयोजित सदस्यता अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जशपुर विधायक रायमुनी भगत शिरकत की,यहां कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करते हुए जशपुर विधायक ने भाजपा के इतिहास पर प्रकाश डाला और कई लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। ज्ञात हो कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा देश भर में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है,जिसमें सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले सदस्यता अभियान में शामिल हो रहे हैं। इस क्रम में बगीचा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत गायबुडा में भाजपा सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में जशपुर विधायक रायमुनी भगत शामिल हुई,यहां ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं के द्वारा विधायक का पुष्प गुच्छ से आत्मीय स्वागत किया गया।कार्यक्रम के दौरान जशपुर विधायक ने भाजपा के इतिहास पर प्रकाश डालते हुवे इसके रीति नीति से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान जशपुर विधायक ने डबल इंजन की सरकार पर भी प्रकाश डाला और इनके द्वारा संचालित सभी लाभकारी योजनाओं को विस्तार से बता इसका लाभ उठाने प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान जशपुर विधायक ने भारी संख्या में लोगों को ऑनलाइन भाजपा की सदस्यता दिलाया।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शंकर गुप्ता,कृपा शंकर भगत, बीडीसी पार्वती यादव, हरिशंकर यादव, देवलाल भगत सहित अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### माता के दरबार में टेका माथा

सदस्यता अभियान में शामिल होने गायबुडा पहुंची जशपुर विधायक ने माता के दरबार में माथा टेका और विधि विधान से पूजा अर्चना कर जिलेवासियों के सुख समृद्धि और शांति का कामना किया।

# नाबालिक बालिका से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को तत्काल किया गिरफ्तार

- महिला संबंधी अपराधों के मामले में जशपुर, पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा रही है

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जशपुर जिले में 39 वर्षीय प्रार्थिया ने 05 अक्दटूबर दर्ज कराई की उसकी नाबालिक पुत्री 14 साल की है। 19 अगस्त के शाम के समय घरेलू बात को लेकर अपनी पुत्री को डांटी थी, तो उसकी पुत्री नाराज होकर घर से बाहर चली गई थी, उसी दिनांक के रात्रि लगभग 09:30 बजे उनके ग्राम में रहने वाली एक महिला ने फोन कर प्रार्थिया को बताया कि -÷ आपकी बेटी पंचायत भवन के पास बैठकर रो रही है आकर ले जाओ÷। तब प्रार्थिया अपनी पुत्री को वहां से लेकर घर आई, उस समय इसके साथ क्या हुआ इस बात की जानकारी प्रार्थिया को नहीं थी एवं पुत्री हमेशा गुमशुम रहने लगी थी। लगभग 01 महीने के बाद प्रार्थिया को उसकी पुत्री ने बताया कि जब वह उसे 19 अगस्त को डांटी थी, उस समय नाराज होकर भवन के बाहर जाकर बैठी थी, इसी दौरान 08:30 बजे लगभग दीनदयाल भगत ने पीछे से आकर इसके मुंह को बंद करके कुछ दूर ले जाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया, किसी को बताने पर जान से मार कर खत्म कर दूंगा कहकर धमकी दिया था, पीड़िता इसी डर से अपने परिजनों को अपने साथ घटित घटना के बारे में नहीं बता रही थी। प्रार्थिया के रिपोर्ट करने पर आज दिनांक को उक्त अपराध धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। महिला संबंधी गंभीर अपराध घटित होने पर पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा आरोपी के तत्काल गिरफ्तारी करने के संबंध में निर्देश दिए थे, उक्त निर्देश के परिपालन में थाना प्रभारी द्वारा दबिश देकर उसके निवास से आरोपी दीनदयाल भगत को अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया, पूछताछ में आरोपी ने उक्त नाबालिक लड़की के साथ अपराध घटित करना स्वीकार किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं आरोपी की गिरफ्तारी में निरीक्षक सरोज टोप्पो, स.उ.नि. नारायण प्रसाद साहू, प्र.आर. 331 अरविंद साय पैंकरा, आर. लव कुमार चौहान, आर. राजेन्द्र रात्रे इत्यादि की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

**शासन प्रशासन पर सुनहरे सपने दिखाकर भ्रम फैलाने का आरोप।भैंसा में हकीकत देखने कहा**

# एथेनाल प्लांट बंदी आंदोलन का 13वां दिन भी शांतिपूर्ण जारी

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



एथेनॉल प्लांट बंद करने को लेकर 13वां दिन भी शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन जारी रहा जहां पर आंदोलन कारियों का कहना था कि प्रशासन की बात एथेनाल प्लांट से बदबू की जगह सुगंध आयेगी धुवां और प्रदूषण की जगह शुद्ध वायु और शुद्ध जल निकेलग कहना बेहद गंभीर और भ्रमित करने के लिए बुना गया भ्रम जाल की धरना स्थल पर प्रदर्शन करियों ने कड़ी निंदा करते हुए इसे हास्यास्पद और आम जनता के जीवन से खिलवाड़ करार दिया।धरना स्थल पर लोगों ने जिला प्रशासन से आग्रह किया की जिलाधीश अपने एसी चेंबर से थोड़ा बाहर आएं और समय निकाल कर भैंसा गांव में दौरा करने की जहमत उठाएं, तथा इस आधुनिक तकनीक का कमाल वहां दिखाएं। जिला प्रशासन के इस अभियान को आंदोलन कारी किसानो ने जले में नमक छिड़कने जैसे घोषित किया।एक और प्रशासन निर्दोष ग्रामीणों को डरा धमका रहा और जेल में डाल राह तो दूसरी उद्योग पतियों के लिए रेड कार्पेट बिछा कर स्वागत कर रहा है।उद्योग पति पूरी तरह गैर कानूनी कार्यों में लिप्त है, उस पर कार्यवाही करने से प्रशासन के हाथ कांप रहे तो दूसरी उल्टा चोर कोतवाल को डांटे की तर्ज पर निर्दोष ग्रामीणों के लिए नोटिस पे नोटिस निकल रहे हैं।इस क्षेत्र में कृषि से संपन्नता है,जिला प्रशासन और ये भाजपा की सरकार रोजगार का झुनझुना बजा कर किसानो के जीवन यापन के कृषि रोजगार को बर्बाद कर रही। इस क्षेत्र के पच्चीस हजार लोगो के रोजगार और जीवन को बर्बाद करके बाहरी पांच सौ लोगो को रोजगार देने की बात करती है।और अपने स्वयं के लाभ के लिए और चंद उद्योग पतियों के फायदे के लिए काम कर रही है। प्रदर्शन करियों ने स्पष्ट किया की किसी भी झांसे में नहीं आने वाले है और अंततः इस प्लांट को बंद करा के ही आंदोलन खत्म करेंगे। विधायक के धरना स्थल पर विधायक का घेराव करने का प्रस्ताव रखा।जिसे प्रशासन को सूचना देने की औपचारिकता पूरी करने के बाद इसी सप्ताह किसी भी दिन घेराव करने का निर्णय लिया गया।घेराव के दिन आंदोलन प्रभावित सभी गांव में पूरे दिन काम बंद रख कर त्योहार मनाने और सभी लोगो सुबह से ही पहुंचने का भी निर्णय हुआ।

# अभिषेक मिश्रा किसान कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बने



रायपुर। किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा ने अभिषेक मिश्रा को छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। इस नियुक्ति पर अभिषेक मिश्रा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 1166.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1166.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से 05 अक्टूबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2377.7 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 606.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा जिले में 634.5 मिमी, सूरजपुर में 1160.8 मिमी, बलरामपुर में 1733.8 मिमी, जशपुर में 1064.1 मिमी, कोरिया में 1127.4 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 1088.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 957.6 मिमी, बलौदाबाजार में 1188.3 मिमी, गरियाबंद में 1100.8 मिमी, महासमुंद में 969.8 मिमी, धमतरी में 1035.5 मिमी, बिलासपुर में 996.6 मिमी, मुंगेली में 1115.5 मिमी, रायगढ़ में 1111.6 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 734.4 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1223.4 मिमी, सक्ती 1063.1 मिमी, कोरबा में 1419.0 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1207.5 मिमी, दुर्ग में 655.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 922.6 मिमी, राजनांदगांव में 1128.6 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1239.5 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 856.6 मिमी, बालोद में 1199.6 मिमी, बस्तर में 1270.9 मिमी, कोण्डागांव में 1207.0 मिमी, कांकेर में 1422.5 मिमी, नारायणपुर में 1465.7 मिमी, दंतेवाड़ा में 1522.4 मिमी और सुकमा जिले में 1676.4 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

# सशस्त्र सैन्य समारोह : भारतीय सेना की ताकत, जवानों का शौर्य हमें रोमांच के साथ गौरवान्वित करता हैं : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

- मुख्यमंत्री ने सेना के अदम्य साहस, क्षमता और कौशल को सराहा
- मुख्यमंत्री साय को जैकेट पहनाकर सेना ने अपने अंदाज में किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com







साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित भव्य सैन्य समारोह एवं प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री साय का जैकेट पहनाकर सेना ने अपने अंदाज में स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने भारतीय सेना के करतब को देखकर रोमांचित हुए और उनकी कौशल और क्षमता को सराहा। मुख्यमंत्री साय ने दो दिवसीय सैन्य प्रदर्शनी को आम नागरिकों के उत्साह को देखते हुए एक दिन बढ़ाने की घोषणा की। अब प्रदर्शनी का आयोजन 5 एवं 6 अक्टूबर के अलावा 7 अक्टूबर तक किया जाएगा। प्रदर्शनी दिन में सुबह 8 बजे से 10 बजे तक एवं शाम को 6 बजे से रात 8 बजे तक आयोजित की जायेगी।

सैन्य प्रदर्शनी समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि इस प्रदर्शनी में अपनी सेना की ताकत, उनकी क्षमता और हमारे वीर जवानों के शौर्य को देखकर रोमांचित और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों में देशभक्ति का जज्बा जगाने के लिए सेना का एक अकेला जवान ही काफी होता है। सेना की वर्दी में किसी चुस्त-दुरूस्त जवान को देखकर ही हमारे भीतर जोश आ जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के अवसर पर जब हम कर्तव्य-पथ पर अपने सैनिकों को परेड करते हुए देखते हैं, तब हर भारतीय के मन में विचार अवश्य आता है कि काश हम भी भारतीय सेना का हिस्सा होते। उन्होंने कहा कि हमारी यह सेना संख्या दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेनाओं में गिनी जाती है। हमारी यह सेना अपने अनुशासन और दक्षता के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। मुख्यमंत्री साय ने कहा आजादी के बाद देश पर जब-जब खतरा मंडराया, हमारी सेना ने दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। किसी भी देश की हिम्मत नहीं होती कि वह भारत की ओर आंख उठाकर देखें। इसी तरह हमारे इन जवानों ने देश की आंतरिक सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जब कोई प्राकृतिक आपदा होती है, तब भी हमें सबसे पहले हमारी सेना की याद आती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रदर्शनी में भीष्म टी-90 टैंक, बीएमपी, एल-70 और अन्य आधुनिक सैन्य उपकरणों का अवलोकन कर सकेंगे, जिनका उपयोग हमारे सशस्त्र बलों ने दुश्मनों के खिलाफ विजय प्राप्त करने में किया है। इसके साथ-साथ आप पैरा जंपिंग, खुखरी डांस, डेयर डेविल मोटरसाइकलिंग और घुड़सवारी जैसे हैरतअंगेज और अद्भुत प्रदर्शन का आनंद भी ले पाएंगे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इस प्रदर्शनी को देखने के लिए युवा साथी बड़ी संख्या में आए हैं। बहुत अच्छी बात है कि लोग अपने बच्चों को लेकर भी यहां आए हैं, इससे निश्चित रूप से ये बच्चे भी प्रेरित होंगे और सेना में शामिल होकर देश सेवा का अवसर मिले तो इसे अपने हाथों से जाने न दें। अग्निवीर योजना भी आपको यह महत्वपूर्ण अवसर देती है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कल बस्तर के अबुझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने माओवादी आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में 31 माओवादियों को ढेर कर दिया। इस बड़ी सफलता के लिए सुरक्षा बलों के जवानों को बधाई देता हूं। पिछले 9 महीनों के दौरान हमारे जवानों ने माओवादी आतंकवाद के खिलाफ लगातार बड़ी सफलताएं हासिल की हैं। अब तक 191 माओवादी को ढेर किया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर में आ रहे बदलाव का यह संकेत है कि बस्तर के युवा बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों में शामिल होकर माओवादियों को खदेड़ रहे हैं। सैन्य समारोह की प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री साय को ब्रिगेडियर अमन आनंद ने भारतीय सेना द्वारा उपयोग किए जाने वाले हथियारों और टैंक की विस्तृत जानकारी दी। साय ने प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण में से एक टैंक टी-90 भीष्म का भी अवलोकन किया और इसकी क्षमता और विशेषता की जानकारी ली।

## विश्व विजय सिंह तोमर ने किया राज्य युवा आयोग अध्यक्ष का पदभार ग्रहण

- कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री एवं विधायक हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के नए अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने युवा आयोग कार्यालय में युवा आयोग अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। युवा आयोग अध्यक्ष पदभार ग्रहण कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, युवा एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व संगठन महामंत्री राम प्रताप सिंह, अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष एवं विधायक गुरू खुशवंत साहेब, विधायक शुशांत, शुक्ला शामिल हुए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि विश्व विजय सिंह तोमर प्रदेश के प्रत्येक शैक्षणिक संस्था व अन्य स्थानों पर युवाओं से मिलकर उन्हें एक धागा में पिरोकर छत्तीसगढ़ के उन्नति के लिए कार्य करवाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन के प्रति समर्पित विश्वविजय सिंह तोमर ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़कर सबसे पहले कार्य करना शुरू किया था। उसके बाद भारतीय जनता युवा मोर्चा के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कुशलतापूर्वक करते हुए नगर निगम अंबिकापुर में पार्षद का चुनाव भी जीता। विश्व विजय सिंह तोमर के निश्चित ही राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष का कार्य पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा से निर्वहन करेंगे। उन्होंने विजय विजय सिंह तोमर को राज्य युवा आयोग अध्यक्ष बनने पर बधाई दी।

## कलेक्टर-एसपी के उपर अपराध क्यों नहीं : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com



लोहारीडीह मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज तथा पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू ने सरकार को कटघरे में खड़ा किया। लोहारीडीह की घटना में सरकार को दोषी बताते हुये पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कवर्धा कांड को लेकर हम सरकार से पांच सवाल में पुलिस के अनुसार शिवप्रसाद उर्फ कचरू साहू ने आत्महत्या की। परिवार वालों व ग्रामीणों का कहना है कि यह हत्या का मामला है। शव का पोस्टमॉर्टम मध्यप्रदेश में हुआ। बिना परिजनों को बुलाए 9 साल के बेटे की उपस्थिति में आनन-फानन में अंतिम संस्कार कर दिया गया। कचरू साहू की बेटी ने फिर से पोस्टमॉर्टम करने का छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री, गृह सचिव, डीजीपी और संबंधित जिले के एसपी को पत्र लिखा है। मैंने भी इसी आधार पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। सवाल है कि क्यों इस संबंध में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ सरकारें और पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है? अगर यह मामला मध्यप्रदेश से जुड़ा हुआ है तो क्या छत्तीसगढ़ पुलिस ने मध्यप्रदेश सरकार से इस संबंध में कोई पहल की है? 15 सितंबर 2024 को ग्रामीणों ने कथित रूप से एक मकान को आग लगा दी और उसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने 69 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें से पांच तो कचरू साहू का पोस्टमार्टम करवाने गए थे। कुछ लोग हैदराबाद से लौटे थे और कुछ लोग बाहर के रहने वाले हैं और घटना वाले दिन गांव में थे ही नहीं। सवाल यह है कि पुलिस मे बिना विवेचना किए लोगों को किस आधार पर गिरफ्तार किया और गिरफ्तार किए गए लोगों पर धाराएं किस आधार पर लगाई गईं? गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या 69 थी, जिनमें से एक की अभिरक्षा में मौत हो चुकी है, लेकिन मामला 169 लोगों के खिलाफ है। सुना है कि कुल पांच मामले दर्ज किए गए हैं। सवाल यह है कि जिन लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं उनकी सूची अब तक सार्वजनिक क्यों नहीं की गई है? जिन लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं उन पर कौन सी धाराएं लगाई गई हैं? छत्तीसगढ़ सरकार ने घटना को लेकर बढ़ते आक्रोश के बाद दंडाधिकारी जांच के आदेश दिए हैं। सवाल यह है कि यदि जांच के आदेश दे दिए गए हैं तो जांच के बिंदु क्या तय किए गए हैं? क्या इसमें पुलिस हिरासत में प्रशांत साहू की मौत के अलावा बाकी लोगों की बर्बरतापूर्ण पिटाई की भी जांच होगी? जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है उनके साथ पुलिस ने बर्बरतापूर्ण व्यवहार किया है। महिलाओं को भी बुरी तरह से पीटा गया है। कुछ लोगों की हड्डियां टूटने की भी सूचना है। इसी प्रताड़ना की वजह से प्रशांत साहू की मौत हो गई।

## सिंथेटिक ड्रग्स रैकेट मामले में पैसे सर्कुलेट करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर पुलिस ने सिंथेटिक ड्रग्स रैकेट मामले में पैसे का सर्कुलेशन करने वाले नाइजीरियन मूल के आरोपी ओनेएक्का स्टेपन ओजुचुक्क और उसके साथ बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले नजरे आलम को गिरफ्तार किया है। इस रैकेट से जुड़े कुल 07 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। यह रैकेट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ड्रग्स के व्यापार में लिप्त था और इसका संचालन नेटफ्लिक्स मनी हाईस्ट नाम के संदर्भ से किया जा रहा था। पुलिस ने पहले ही इस मामले में 7 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, और अब इस रैकेट के महत्वपूर्ण कड़ी के तौर पर इन दोनों आरोपियों को नई दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने अपनी गहन जांच के बाद नाइजीरियन मूल के आरोपी मिस्टर इनोसेंट ओलिचुक्कु को गिरफ्तार किया, जो इस रैकेट का मुख्य तस्कर माना जा रहा था। इनोसेंट से पूछताछ में ओनेएक्का स्टेपन और नजरे आलम का नाम सामने आया, जो पैसे के लेन-देन में मुख्य भूमिका निभा रहे थे। पुलिस ने नई दिल्ली में कैम्प लगाकर दोनों आरोपियों को उत्तम नगर से पकड़ा। ओनेएक्का स्टेपन ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि वह ड्रग्स को इनोसेंट ओलिचुक्कु तक पहुंचाता था, और इसके एवज में मिलने वाली रकम को नजरे आलम के खाते में जमा कराकर, कमीशन के बाद बाकी धनराशि वापस लेता था। यह रैकेट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संचालित हो रहा था, जिसमें नई दिल्ली, मुंबई, पुणे और रायपुर जैसे प्रमुख शहरों में ड्रग्स की सप्लाई की जाती थी। इस मामले में पुलिस ने कंज्यूमर्स की पहचान भी कर ली है और नोटिस जारी कर उनसे पूछताछ की जा रही है। रायपुर पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे निजात अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने सिंथेटिक ड्रग्स की बिक्री और तस्करी को रोकने के लिए नारकोटिक्स एक्ट के तहत गहन जांच की और सफलतापूर्वक रैकेट से जुड़े महत्वपूर्ण लिंक पर प्रहार किया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर रायपुर लाया गया है।

## अंतरराष्ट्रीय जल सम्मेलन

## जल संचय और जल संरक्षण के उपायों पर गहन विचार-विमर्श

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com



धमतरी में रविशंकर जलाशय (गंगरेल बांध) के किनारे आयोजित जल जगार में देश-विदेश के नीति निर्माता, पर्यावरणविद, विशेषज्ञ और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के प्रतिनिधि जल संचय और जल संरक्षण पर संवाद कर रहे हैं। वे यहां आयोजित अंतरराष्ट्रीय जल सम्मेलन में जल संचय और जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों के सफ्ल कार्यों की कहानी साझा कर रहे हैं। वे इनके प्रभावी उपायों पर गहनता से विचार-विमर्श करने के साथ ही धरातल पर उतारने की कार्ययोजना भी तय कर रहे हैं। जल जगार में आयोजित विभिन्न गतिविधियों के बीच अंतरराष्ट्रीय जल सम्मेलन के पहले दिन केन्द्रीय कृषि तथा किसान कल्याण मंत्रालय की अपर सचिव डॉ. मनिंदर कौर द्विवेदी, केन्द्रीय जलशक्ति मंत्रालय की अपर सचिव अर्चना वर्मा, पद्मश्री से सम्मानित प्रसिद्ध पर्यावरणविद सर्वश्री पोपटलाल पवार, श्यामसुंदर पालीवाल और उमाशंकर पाण्डेय तथा अर्थशास्त्री एवं शहरी विकास विशेषज्ञ प्रो. अमिताभ कुंडु ने सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कलेक्टर नम्रता गांधी ने जल जगार के उद्देश्यों और धमतरी जिले में जल संचय व जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय जल सम्मेलन को संबोधित करते हुए केन्द्रीय कृषि तथा किसान कल्याण की अपर सचिव डॉ. मनिंदर कौर द्विवेदी ने कहा कि धमतरी में जल संरक्षण की पहल पुरानी है। यहां की 'ओजस्वी' एफपीओ (कृषक उत्पाद संगठन) ने कम पानी में होने वाले धान की खेती प्रारंभ की थी। उन्होंने बताया कि धान की ऐसी बहुत सी प्रजाति है जो कम पानी में होती है और जल्दी पकती है। उन्होंने इस तरह की और भी प्रजातियों को विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने नए बीजों और अन्य फसलों की खेती पर भी ध्यान देने को कहा। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्रालय की अपर सचिव अर्चना वर्मा ने अंतरराष्ट्रीय जल सम्मेलन में कहा कि हमारे पूर्वजों के पास जल संचय और जल संरक्षण के बहुत से तरीके थे। वे पानी की एक-एक बूंद का सम्मान करते थे। हमारी जलशक्ति अभियान का भी मूल उद्देश्य पानी की धरोहरों के प्रति सम्मान को वापस लाना है। जल संचय और जल संरक्षण के काम में जन भागीदारी बहुत जरूरी है। उन्होंने जल जगार के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह जल संरक्षण से लोगों को जोड़ने की बहुत अच्छी पहल है। इससे संस्कृति, समुदाय और युवाओं की भागीदारी बढ़ रही है। पद्मश्री से सम्मानित प्रसिद्ध पर्यावरणविदों और जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पोपटलाल पवार, श्यामसुंदर पालीवाल और उमाशंकर पाण्डेय ने सम्मेलन में जल संचय और जल संरक्षण की सफल कहानियां साझा की। पवार ने कहा कि जलस्रोतों में कम से कम 20 प्रतिशत पानी रिचार्ज के लिए छोड़ना चाहिए। इसका 80 प्रतिशत ही उपयोग किया जाना चाहिए। हमारे हिमालय को बचाने के लिए पश्चिमी घाट का संरक्षण जरूरी है। सामाजिक कार्यकर्ता और पर्यावरणविद श्यामसुंदर पालीवाल ने बताया कि उन्होंने अपने क्षेत्र में जल संरक्षण के लिए बेटी, पानी और पेड़ों को जोड़कर काम किया। इसे रोजगार से भी जोड़ा।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403